

भारत और यूरोपीय संघ की एफटीए पर वार्ता पूरी, कल की जाएगी घोषणा - 15



ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर लगाया विपक्ष को कुचलने का आरोप - 15

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं 77



रणजी ट्रॉफी में झारखंड ने उत्तर प्रदेश को पारी और 301 रन से रौंदा - 16


आज का मौसम

21.0° अधिकतम तापमान

10.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.56 सूर्यास्त 05.47

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष अष्टमी 09:18 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 26 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 157, पृष्ठ 18 ■ मूल्य 5 रुपये



India REPUBLIC DAY JANUARY 26th



- हमें चाहिए ब्रेन स्ट्रोक से आजादी
- हमें चाहिए ब्रेन ट्यूमर से आजादी
- हमें चाहिए हेड इंजरी से आजादी
- हमें चाहिए मिर्गी से आजादी
- हमें चाहिए हेडक (सिरदर्द) से आजादी
- हमें चाहिए कमर दर्द से आजादी



मस्तिष्क से सम्बन्धी समस्त समस्याओं का समाधान एक स्थान पर

पनेशिया हॉस्पिटल

ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस

ब्रेन स्ट्रोक / पक्षघात / लकवा आदि के लक्षण दिखते ही आपके पास केवल 4:30 घण्टे हैं।

| B | E | F | A | S | T |
|---|---|---|---|---|---|
| BALANCE | EYES | FACE | ARMS | SPEECH | Time |
| Less of Balance, Headache or Dizziness | Blurred Vision | One side of the Face Drooping | Arm or Leg Weekness | Speech Difficulty | Time to call for Ambulance Immediately |

"कृपया ऐसे अस्पताल में जायें जहाँ पर CT SCAN व पैथोलॉजी की समस्त सुविधा के साथ न्यूरो विशेषज्ञ डॉक्टर व टीम उपलब्ध हो क्योंकि समय बचाना ही ब्रेन को बचाना है। हेड इंजरी व स्ट्रोक के मरीज़ों की कैसे रोकथाम की जा सकती है, हम इसके प्रयासरत रहते हैं।"

डॉ विकास शुक्ला MS, M.Ch (Neuro Surgery), Brain & Spine Surgeon

हर 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में स्ट्रोक का सामना करता है।

द पनेशिया

ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस

Come Home to Wellness...

24 घंटे स्पेशिलिस्ट डॉक्टर्स उपलब्ध

स्ट्रोक होने पर, तुरन्त इलाज न मिलने से मस्तिष्क का नुकसान होता है...

117/473, एल–ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर

सम्पर्क करें : 7897997632, 7897997631, 0512-2501355, 2501455

मुँह में घाव ☛ थूक में खून आना ☛ आवाज बदलना ☛ खाने का फंसना ☛ निगलने में दर्द

आपको ऐसे लक्षण है तो

डरें नहीं, तुरन्त परीक्षण करायें और कैंसर से बचें



डॉ. प्रीति शुक्ला M.D.

कैंसर रोग विशेषज्ञ




117/473, एल–ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर

सम्पर्क करें: 7897997632, 7897997631, 0512–2501355, 2501455

सीमित अवधि | सीमित अवधि

क्या आप चाहते है गारन्टीड जॉब?

प्रवेश लें, उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी द्वारा मान्यता प्राप्त

दि पनेशिया पैरामेडिकल साइन्स एवं नर्सिंग इंस्टीट्यूट

(A Unit of The Panacea Hospital, Kanpur)

DIPLOMA COURSES:

- Emergency & Trauma Technician • OT Technician
- MRI Technician • CT Technician • Physiotherapy Technician

329, लखनपुर (सेल्स टैक्स रोड), कानपुर

मो. 7880473131, 9935266953, 9454369302, 0512–3550199

अमृत विचार परिवार की ओर से गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
swadha HOSPITAL
जसवन्तनगर परिशिष्ट
मधुसूदन यादव
संवाददाता – 9259489259

CSSGi
CH SUGHAR SINGH GROUP OF INSTITUTIONS
JASWANT NAGAR, ETAWAH
ADMISSION OPEN 2026-2027
HAPPY 26 Republic Day
Swadha Hospital
A Multi Speciality & Research Centre
Ch Sughar Singh Educational Academy
An Autonomous College (NAAC Accredited)
Ch. Sughar Singh Nursing And Paramedical College
Ch. Sughar Singh Pharmacy College
Ch. Sughar Singh Inter College
Ch. Sughar Singh Public School
Ch. Sughar Singh World School
Dr. Brajesh Chandra Yadav
Chairman CSSGI
Dr Bhuvnesh Chandra Yadav
Vice Chairman CSSGI
Anuj Monty Yadav
Secretary/ Director CSSGI
JASWANT NAGAR (ETAWAH) U.P. 206245 | 9410077280 | 9917777308
www.cssgi.com Follow us on: info@cssgi.com

SHIVPAL SINGH PG COLLEGE
NH2 Kaist-Jaswantnagar, Etawah | Mob. 7500720914 Website: www.spsdc.net
SPS GLOBAL SCHOOL
FOUNDER
LATE SHRI MAHAVEER SINGH YADAV
आप सभी को
गणतन्त्र दिवस
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें
■ एम एस रिसॉर्ट
■ जीएस एमएस कोल्ड स्टोरेज
■ शिव बालाजी कोल्ड स्टोरेज
■ यादव सीड्स फार्म
■ शिव बालाजी धर्मकाँटा
Mr. Ashutosh Yadav
Manager
Mr. Vishwanath Pratap Singh
DIRECTOR

U.P. TOPPERS देने वाला एक मात्र संस्थान
College Code- 1279 Reg. No. 1363/2014/15
MAA NARAYANI
INTER COLLEGE SCIENCE & ART
Affiliated to UP Board, Allahabad, Aff. No. 2838
Maa Narayani Public School
English Medium CBSE Pattern
माँ नारायणी इण्टर कॉलेज
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
Manager
Bhujveer Singh Yadav
(Advocate)
District Board Member
Director
Mohit Yadav
(Sunny)
Kachaura Road, Jaswant Nagar (Etawah)
Help Line No. 9690176238, 8410323470 mnicjaswantnagar@gmail.com

HAPPY Republic Day
ब्रजेश भुवनेश कोल्ड स्टोरेज
दुहा, जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश कोल्ड स्टोरेज
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)
ब्रजेश भुवनेश फिलिंग स्टेशन
जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश फिलिंग स्टेशन
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश किसान सेवा केन्द्र सी.एन.जी.पम्प
कचौरा बाईपास रोड, जसवंतनगर (इटावा)
आरती भुवनेश सी. एन. जी. स्टेशन
फुलरई, जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश धर्मकांटा
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)
ऊर्जावान भारत की ओर अग्रसर
A Symbol of Accuracy
इंडियनऑयल IndianOil
जल्द ही सी. एन. जी. पम्पों पर ऑनलाइन सी. एन. जी. की सुविधा उपलब्ध होगी
संरक्षक
डॉ. ब्रजेश चन्द्र यादव
पूर्व ब्लॉक प्रमुख, जसवंत नगर
निदेशक
डॉ. भुवनेश चन्द्र यादव
मो. 9412400001
निदेशक
अनुज मोन्टी यादव
पूर्व ब्लॉक प्रमुख, जसवंत नगर

■ भारत और यूरोपीय संघ की एफटीए पर वार्ता पूरी, कल की जाएगी घोषणा - 15





■ ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर लगाया विपक्ष को कुचलने का आरोप - 15

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

77



■ रणजी ट्रॉफी में झारखंड ने उत्तर प्रदेश को पारी और 301 रन से रौंदा - 16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष अष्टमी 09:18 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 26 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 157, पृष्ठ 18 ■ मूल्य 5 रुपये

आज का मौसम

21.0° अधिकतम तापमान

10.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.56

सूर्यास्त 05.47

# शुभांशु को अशोक चक्र, 131 को पद्म पुरस्कार

# वीरता और सेवा के लिए 982 कर्मियों को मेडल

## गणतंत्र दिवस से पूर्व की गई घोषणा, 125 वीरता पदक में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा, उप्र पुलिस को 18 मेडल

● एक अशोक चक्र, तीन कीर्ति चक्र सहित 13 को शौर्य चक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

गणतंत्र दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने देश के लिए जान न्यौछावर करने व सर्वोच्च कार्य करने वालों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की। वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित करने की घोषणा की गई। इस वर्ष 131 पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

वहीं पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस (एचजीएंडसीडी) तथा 'करेक्शनल सर्विसेज' (सुधारात्मक सेवा) के कुल 982 कर्मियों को वीरता और सेवा पदकों से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, इन सम्मानों में 125 वीरता पदक शामिल हैं। वीरता पुरस्कारों में से अधिकांश में 45 कर्मियों को जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से, 35 कर्मियों को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों से, पांच कर्मियों को पूर्वोत्तर से और 40 कर्मियों को अन्य क्षेत्रों से उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वीरता पदक प्राप्त करने वालों में चार अग्निशमन सेवा के बचावकर्मी भी शामिल हैं।

आधिकारिक विवरण के मुताबिक, राज्यों में जम्मू कश्मीर पुलिस को सर्वाधिक 33 वीरता पदक मिले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस को 31, उत्तर प्रदेश पुलिस को 18 वीरता पदक प्रदान किए गए हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों के 70 कर्मियों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित करने की मंजूरी दी, जिनमें से छह को मरणोपरांत ये सम्मान प्राप्त होंगे। इस वर्ष एक अशोक चक्र, तीन कीर्ति चक्र, एक मरणोपरांत सहित 13 शौर्य चक्र, एक 'बार टू सेना मेडल' (वीरता) और 44 सेना मेडल (वीरता) प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष मेजर अर्शदीप सिंह, नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर को कीर्ति चक्र से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।



नई दिल्ली में इंडिया गेट के पास कर्तव्य पथ पर तैनात सुरक्षाकर्मी।

### यूपी के एन राजम को कला में पद्म विभूषण और मुरादाबाद के चिरंजी लाल को पद्म श्री

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। पद्म विभूषण सम्मान अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) कला (महाराष्ट्र), केटी थॉमस- लोक कार्य (केरल), एन राजम - कला (उत्तर प्रदेश), पी नारायणन - साहित्य एवं शिक्षा (केरल), वीएस अच्युतानंदन (मरणोपरांत) लोक कार्य (केरल) को दिया गया। वहीं, पद्म भूषण (13) अल्का याज्ञनिक- कला (महाराष्ट्र), भगत सिंह कोश्यारी- लोक कार्य (उत्तराखंड), डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी- चिकित्सा (तमिलनाडु), मम्मूटी- कला (केरल), डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु- चिकित्सा (संयुक्त राज्य अमेरिका), पीयूष पांडे (मरणोपरांत)- कला (महाराष्ट्र), एसके एम. माइलानंदन- सामाजिक कार्य (तमिलनाडु) शतावधानी आर. गणेश- कला (कर्नाटक), शिबू सोरेन (मरणोपरांत)- लोक कार्य (झारखंड), उदय कोटक-उद्योग (महाराष्ट्र)। जबकि टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर को पद्म श्री पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 45 गुमनाम नायक पद्म श्री के लिए चुने गए, जिनमें जटिल पीतल की नक्काशी के विशेषज्ञ मुरादाबाद के चिरंजी लाल यादव भी शामिल हैं।

### भारत दुनिया में शांति का संदेश फैला रहा : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न महाद्वीपों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच रविवार को कहा कि भारत विश्व में शांति का संदेश फैला रहा है, जो मानवता के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुर्मू ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' और महिला सशक्तीकरण समेत विभिन्न मुद्दों पर बात की और वंदे मातरम् तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर भी चर्चा की। मुर्मू ने शांति के 'संदेशवाहक के रूप में भारत की स्थिति को रेखांकित करते हुए सार्वभौमिक सद्भाव के प्रति प्राचीन सभ्यतागत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। उन्होंने कहा, हमारी परंपरा में, समस्त सृष्टि में शांति के बने रहने की प्रार्थना की जाती रही है।

## भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए : मोदी

**मन की बात**

● पीएम ने उद्योग जगत एवं स्टार्टअप से संकल्प लेने का किया आग्रह



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योग जगत एवं स्टार्टअप से गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने तथा विनिर्माण में उत्कृष्टता को एक मानदंड बनाने का संकल्प लेने का रविवार को आग्रह किया। रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में मोदी ने कहा कि भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए। उन्होंने उद्योग से ऐसे उत्पादों का निर्माण करने का आग्रह किया जिनमें किसी प्रकार की कमी नहीं हो।

प्रधानमंत्री ने अपने 130वें 'मन की बात'' संबोधन में कहा, हम जो कुछ भी निर्मित करते हैं, आइए, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें। चाहे वह हमारे वस्त्र हों, प्रौद्योगिकी हो, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हों या पैकेजिंग, हर भारतीय उत्पाद 'सर्वोत्तम गुणवत्ता' का पर्याय होना चाहिए। उन्होंने उन युवाओं के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने 10 साल पहले 2016 में शुरू हुई भारत की स्टार्टअप यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मोदी ने कहा, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। ये स्टार्टअप ढर्रे से हटकर काम कर रहे हैं, ये उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जिनकी कल्पना भी 10 साल पहले तक नहीं की जा सकती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप कंपनियां एआई, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, गतिशीलता, हरित हाइड्रोजन और जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, आप किसी भी क्षेत्र का नाम लीजिए और आपको उस क्षेत्र में काम करने वाला कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप मिल जाएगा।

### यूएई की 2026 को परिवार वर्ष घोषित करने की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा 2026 को 'परिवार वर्ष' घोषित करने की पहल की रविवार को सराहना करते हुए इसकी तुलना भारत की परिवार व्यवस्था से की, जो देश की परंपराओं का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने गुजरात के एक गांव में शुरू की गई एक पहल का जिक्र किया, जहां सभी परिवारों के लिए एक सामुदायिक रसोई चलाई जाती है।

**बधाई/सूचना**

समस्त सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं एवं विज्ञापनदाताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 26 जनवरी को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक बुधवार 28 जनवरी को प्रकाशित होगा। -संपादक

**ब्रीफ न्यूज**

### इंडिगो ने ईरान के हालात की वजह से उड़ानें कीं रद्द

**नई दिल्ली।** निजी विमानन कंपनी इंडिगो ने रविवार को कहा कि उसने ईरान में पैदा हुए हालात के मद्देनजर त्बिलिसी और अल्माटी के लिए अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं। उसने बताया कि सोमवार को कुछ उड़ानें ईंधन भरने के लिए दोहा में रुक सकती हैं। विमानन कंपनी ने सोशल मीडिया मंच एक्स को जारी पोस्ट में कहा कि 25 जनवरी को दिल्ली से त्बिलिसी (जॉर्जिया) और मुंबई से अल्माटी (कजाकिस्तान) और वापसी के लिए निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

### साइबर अपराध गिरोह की मदद पर आरोपी निशानेबाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज को एक अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह से संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसने 40 लाख रुपये से अधिक की ठगी की थी। आरोपी की पहचान हिमांशु चौहान के रूप में हुई है और वह उत्तर प्रदेश के आगरा का निवासी है।

## यूपी में पहले बंदूक से चलती थीं सरकारें : नितिन नबीन

● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मथुरा में बजाया चुनावी बिगुल

● कार्यकर्ताओं से बोले- कमर कस लीजिए, आ रहा है 2027

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मथुरा से विधानसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभी से कमर कस लें, क्योंकि 2027 अब दूर नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि एक दौर ऐसा भी था, जब यूपी में बंदूक की नोक पर सरकारें चलती थीं। लेकिन आज प्रदेश की सरकार जनता के वोट से चल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम-काज की जमकर सराहना की।

वृंदावन के छटीकरा रोड स्थित अक्षयपात्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के बाद स्वागत समारोह में नितिन नबीन ने कहा कि देश में आज भी ऐसी ताकतें मौजूद हैं, जो देश को काटने-बांटने में विश्वास करती हैं। ऐसी ताकतें चुनाव के समय ही सक्रिय होती हैं और उनसे मजबूती से लड़ना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिस तरह यूपी विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, वह कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा। जो लोग राजनीति को टाइम पास समझते हैं, वे चुनाव आते ही सक्रिय होते हैं और फिर विदेश चले जाते हैं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है। नितिन नबीन ने युवाओं से सक्रिय राजनीति में आगे आने की अपील की। कहा कि प्रधानमंत्री का मंत्र है कि हम एक कदम चलेंगे, तो 140 करोड़ कदम देश को आगे बढ़ाएंगे। स्पष्ट किया कि वर्ष 2027 की तैयारी में संगठन और बूथ स्तर की भूमिका सबसे निर्णायक होगी।



**वृंदावन :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व सीएम योगी।

### युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं नितिन नबीन: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नितिन नबीन युवा ऊर्जा, संगठनात्मक क्षमता और समर्पण के प्रतीक हैं। ब्रज की पावन भूमि पर उनका प्रथम आगमन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का संबल बन रहा है और इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाने में हर कार्यकर्ता की भूमिका निर्णायक होगी।

### ब्रज भूमि से मिला संदेश देगा नई ऊर्जा: पंकज चौधरी

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा के संगठनात्मक सामर्थ्य और युवा नेतृत्व में विश्वास का प्रतीक है। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता इस गति को और तेज करने के लिए संकल्पित है। ब्रज भूमि से मिला यह संदेश पूरे देश में कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देगा और भाजपा को जनआकांक्षाओं की पार्टी के रूप में और मजबूत करेगा।

### नई दिल्ली क्षेत्र में 10,000 पुलिसकर्मी तैनात

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए विस्तृत बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है, जिसके तहत नई दिल्ली क्षेत्र में लगभग 10,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त देवेश कुमार महाला ने बताया, राष्ट्रीय आयोजन के दौरान प्रतिभागियों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। उन्नत निगरानी तंत्र के तहत परेड मार्ग व आसपास के हिस्सों सहित पूरे क्षेत्र में 'वीडियो एनालिटिक्स' और एफआरएस जैसी प्रौद्योगिकियों से लैस 3,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**बर्फबारी**



कश्मीर में रविवार को कई जगहों पर बर्फबारी हुई, इससे सड़क और रेल यातायात पर असर पड़ा।

### सीएम स्टालिन का विवादित बयान, कहा- तमिलनाडु में हिंदी के लिए कोई जगह नहीं



● बोले- इसे थोपने का हमेशा विरोध करेंगे तमिल के लिए हमारा प्यार कभी नहीं मरेगा

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अतीत में हिंदी-विरोधी आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले राज्य के भाषा शहीदों की रविवार को सराहना करते हुए कहा कि यहां हिंदी के लिए कोई जगह नहीं है।

स्टालिन ने भाषा शहीद दिवस के अवसर पर कहा, राज्य ने अपनी भाषा से अपने जीवन की तरह प्रेम किया, उसने हिंदी थोपे जाने के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष किया और जब-जब इसे थोपा गया, तब-तब उसी तीव्रता से इसका विरोध किया गया। द्रमुक प्रमुख ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भाषा शहीद दिवस- तमिलनाडु में हिंदी के लिए न तब कोई जगह थी, न अब है और न कभी होगी।

### बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक को जिंदा जलाया

● दुकान में सो रहा था, बाहर से आग लगा दी, पिछले 40 दिनों में 10 हिंदुओं की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। नरसिंदी में शुक्रवार रात 23 साल के हिंदू युवक चंचल भौमिक को दुकान के अंदर जिंदा जला दिया गया। वह दुकान में सो रहा था, तभी शटर बंद कर पेट्रोल डाला गया और आग लगा दी गई। आरोप है कि हमलावर बाहर खड़ा रहा और चंचल की जलकर मौत होने तक देखता रहा, फिर भाग गया।

घटना नरसिंदी पुलिस लाइन्स से सटे मस्जिद मार्केट की है। चंचल अपने परिवार का अकेला सहारा था और पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। वह बीमार मां, दिव्यांग बड़े भाई और छोटे भाई की जिम्मेदारी उठा रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह बेहद सीधा और मेहनती युवक था, जिसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पिछले 40 दिनों में 10 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है।

## करुणा के बिना कानून अत्याचार बन जाता है कानून के बिना करुणा अराजकता : सीजेआई

पणजी, एजेंसी

● कहा- न्याय एक जीवंत संस्था है, जिसे निरंतरता-परिवर्तन के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए



प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि करुणा के बिना कानून अत्याचार बन जाता है और कानून के बिना करुणा अराजकता का कारण बनती है। नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर गोवा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के 30 दिन के विशेष जागरूकता अभियान के समापन समारोह को उन्होंने संबोधित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह समझना चाहिए कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग केवल आपराधिक समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय समस्या भी है, जिससे निपटने के लिए प्रतिशोधात्मक बयानबाजी नहीं, बल्कि परामर्शपूर्ण कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर महीने भर चला यह अभियान इस भावना को स्पष्ट रूप से दर्शाने में सफल रहा है।

सीजेआई ने कहा, मैं विधि व्यवस्था और सामाजिक परिवर्तन के बीच महत्वपूर्ण अंतर्संबंध पर भी बात करना चाहूंगा। पिछले चार दशक में मैंने न्याय देने के हमारे तंत्र के विकास को देखा है। मैंने इसे यह पहचानते देखा है कि करुणा के बिना कानून अत्याचार बन जाता है और कानून के बिना करुणा अराजकता पैदा करती है। उन्होंने कहा, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ अभियान के तहत विद्यार्थियों को नीचा दिखाए बिना उनसे बात की गई। इस अभियान ने लोगों में डर पैदा किए बिना उन्हें जागरूक किया है।

**कार्यक्रम** मुख्यमंत्री ने 18,78,726 विद्यार्थियों के खाते में भेजी 944 .55 करोड़ की छात्रवृत्ति

## दोपहर तक सोने वाले बबुआ को नहीं थी गरीबों की चिंता : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्यमंत्री का विपक्ष पर तीखा प्रहार, बोले- परिवारवाद व भ्रष्टाचार झेलते थे गरीब बच्चे



**अमृत विचार:** सीएम योगी ने रविवार को 18,78,726 विद्यार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 944.55 करोड़ की छात्रवृत्ति भेजी। उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि दोपहर तक सोकर उठने वाले बबुआ को गरीबों के बच्चों की पढ़ाई की चिंता नहीं थी। पिछली सरकारों में परिवारवाद, भ्रष्टाचार व लापरवाही से छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं से गरीब दूर रहे।

योगी ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों ने गरीबों के बच्चों की पढ़ाई पर कभी ध्यान नहीं दिया। दोपहर 12 बजे तक सोकर उठने वाले बबुआ को गरीबों के बच्चों की चिंता कहां से होगी? जो सूरज निकलने के बाद उठे, उसे सूर्योदय की बात भी फिजूल लगेगी। ऐसे लोग न प्रदेश की चिंता कर सकते हैं, और न ही गरीबों की। कहा कि जब सरकार की नीयत साफ होती है और नीति स्पष्ट होती है, तब भ्रष्टाचार रूपी दानव पर नियंत्रण संभव होता है। पहले छात्रवृत्ति योजनाएं कई स्तरों पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थीं। कभी सरकार की नीयत खराब होती थी, कभी परिवारवाद आड़े आता था, कभी विभागीय भ्रष्टाचार से पैसा गरीब छात्रों तक नहीं पहुंचता था। आज डीबीटी के माध्यम से एक क्लिक में सभी वर्गों के करीब 19 लाख छात्रों के खातों में पैसा पहुंचा। बिना किसी भेदभाव के। ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों की बदली स्थिति की विस्तार से चर्चा की। सीएम ने अभ्युदय कोचिंग योजना के तहत नीट, जेईई और यूपीएससी की तैयारी की सुविधा का जिक्र किया।

### कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम को सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि सरकार शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वंचित को वरीयता, पिछड़ों को प्राथमिकता विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि यह सब राष्ट्र प्रथम की भावना से संभव हुआ है, न कि परिवार प्रथम की सोच से।

# अमृत विचार परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनायें





## अधिवक्ता सभा



समाजवादी पार्टी
इटावा

देश को स्वतंत्र कराने में जिन अमर शहीदों ने बलिदान दिया उनको सादर नमन।

देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को बधाई।



अभिनय यादव
अध्यक्ष

भुवनेश यादव
महामंत्री

थियोसॉफिकल शिक्षा समिति, इटावा द्वारा संचालित

## थियोसॉफिकल इण्टर कॉलेज

(सी.बी.एस.ई. बोर्ड नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)

द्वारा

गणतंत्र दिवस

के पावन पर्व की

आप सभी सम्मानित अभिभावकों, शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं छात्र/छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



अनूप मिश्रा
प्रधानाचार्य

| (अध्यक्ष) | (प्रबंधक) | (सचिव) |
|---|---|---|
| डा० के० के० सक्सेना | अवधेश नारायण तिवारी 'लल्ला भईया' | अशोक चतुर्वेदी |

पता- एस.डी.फील्ड, इटावा । मो०- 7017562600

## नगर पंचायत इकदिल

की ओर से समस्त जनपदवासियों को

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

- खुले में शौच न करें। घर में आवश्यक रूप से शौचालय बनवाएं।
- कटे सड़े फलों एवं दूषित खाद्य/पेय पदार्थों का उपयोग न करें।
- निकाय के करों (जल मूल्य, गृहकर आदि) के करों का भुगतान समय-समय पर करते रहें।
- पालीथीन का प्रयोग न करें।
- नलों को खुला छोड़कर पानी बेकार न करें। जल अमूल्य है।
- छह वर्ष से अधिक के बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश अवश्य कराएं।
- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
- नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
- कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
- सार्वजनिक स्थलों/नाली/सड़कों आदि पर अतिक्रमण न करें।
- सभी करों का भुगतान कर नगर पंचायत का आर्थिक सहयोग करें।
- मार्ग प्रकाश उपकरणों से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।
- नगर आपका है इसे स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग करें।





| साधना दोहरे | श्याम बचन सरोज | शुभ्रांत कुमार शुक्ल |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | अधिशासी अधिकारी | जिलाधिकारी, इटावा |
| नगर पंचायत इकदिल | नगर पंचायत इकदिल | |

शिक्षा का स्तर अब होगा अंतर्राष्ट्रीय

AFFILIATION NO. 2133207
AFFILIATED TO CBSE, DELHI





प्रत्यूष तिवारी

सुनील दत्त अवस्थी

G.C. GENIUS PUBLIC SCHOOL, ETAWAH
तमसो मा ज्योतिर्गमय

## G.C. GENIUS PUBLIC SCHOOL

READ LEAD SUCCEED...



## ADMISSION OPEN (2026-27)

Classes Nursery to XII

Features:
- CCTV Monitoring in Class.
- Digital Dance and Art Room.
- Free Extra Classes for Weakers.
- Swings, Games and Cultural Activities.
- Library, Smart Class & Computer Room.

| Late Ganga Charan Dubey | Dr. Pratyush Kumar Tiwari | Dr. Udaivir Singh | Sunil Dutt Awasthi |
|---|---|---|---|
| Founder | Chairperson | Managing Director | Principal |

+91 9410486906, +91 70782 90477
NH-2, PACHDEVRA ROAD, ETAWAH

## न्यूज ब्रीफ

### मेरा युवा भारत के युवाओं ने निकाली यात्रा

**इटावा।** मतदाता दिवस पर भारत सरकार के युवा मंत्रालय के मेरा युवा भारत की ओर से जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। यह पद यात्रा राजकीय इंटर कॉलेज से शुरू हुई और विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी। एसएसपी चौड़ाई पर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने पदयात्रा में चल रहे युवाओं को मतदाता शपथ दिलाई। स्वयं सेवकों ने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने और नये वोट बनवाने के लिए पूरी पदयात्रा के दौरान नारे लगाकर लोगों को प्रेरित किया। रैली में एनएसएस के नोडल अधिकारी व चौधरी चरण सिंह कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी डा. नीरज कुमार, चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय जसवंत नगर के डा. धर्मेंद्र कुमार, तिरुपति बालाजी महाविद्यालय के डा. कुंवर उदय प्रताप सिंह और पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पुनीत मिश्रा स्वयंसेवकों के साथ पहुंची थे। उन्होंने पद यात्रा में चल रहे स्वयं सेवकों का हौसला भी बढ़ाया। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने कहा कि युवाओं को मतदाता जागरूकता के कार्य में आगे आना चाहिए। उन्हें 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं को फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करने के लिए जागरूक करना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा।

### सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत चितभवन पुल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार पीयूष कुमार पुत्र पुरुषोत्तम सिंह निवासी गेल गांव दिबियापुर औरैया घायल हो गया। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत तहसील चौराहे के पास अज्ञात वाहन की चपेट आने से आयुष मिश्रा पुत्र देवेश मिश्रा निवासी पक्का बाग थाना फ्रेंड्स कालोनी घायल हो गया। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार ब्रह्मचारी पुत्र वासुदेव निवासी मनफूल का पुरा थाना सोनिया जिला मुरैना मध्य प्रदेश घायल हो गया।

# यूजीसी पर देश की भावनाओं के अनुरुप निर्णय होगा : जयवीर

## पर्यटन मंत्री ने चौपाल में बताई जीरामजी की विशेषताएं, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

संवाददाता जसवंतनगर इटावा


पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का माला पहना कर स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि यूजीसी के संबंध में यह कोई अंतिम निर्णय नहीं है। इस मामले में देश के लोगों की भावनाएं सरकार तक पहुंच रही हैं। इन्ही जनभावनाओं को देखते हुए यूजीसी पर कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। यह बात जीरामजी की चौपाल में आए पर्यटन मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के मामले में किसी प्रकार का पार्टी में मतभेद नहीं है।

यहां कृषक श्रमिक ग्राम चौपाल में विकसित भारत जी राम जी जन जागरण अभियान में उन्होने कहा कि कहीं किसी मामले में अगर त्रुटियां और गलतियां हो जाती हैं तो उन्हें ठीक किया जाता है ऐसा ही मनरेगा योजना में किया गया है। ग्रामीण अंचल के रोजगार के लिए मजदूरों को अभी तक 100 दिन का काम दिया जाने की व्यवस्था थी अब सरकार ने इसको बढ़ाते हुए 125 दिन का काम मिलने की गारंटी दी है। मांगे जाने पर अगर उन्हें काम नहीं दिया जाता है तो इतने दिन का भुगतान सरकार की ओर से किया जाएगा। समय पर यदि भुगतान नहीं हुआ तो उसे पेनाल्टी के साथ किया जाएगा। उन्होने कहा कि सपा की सरकार में वन डिस्ट्रिक्वन माफिया हुआ करता था जबकि योगी सरकार में वनएक जिला एक प्रोडक्ट पर काम कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी आए लोगों को आभार व्यक्त् किया और कहा कि यह बिल मौजूदा मनरेगा की जगह नए रोजगार का ढांचा लागू करने की दिशा में काम कर रही है। सभा का पूर्व सांसद प्रेम दास कठेरिया पूर्व जिला अध्यक्ष अजय धाकरे प्रशांत राव चौबे ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर समीर सक्सेना रोहत शाक्य शिवा कांत चौधरी सतेंद्र राजपूत के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता अन्नू ने ने किया। पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य व प्रेमदास कठेरिया, विवेक शाक्य, डॉ राजबहादुर यादव, बटेश्वर दयाल प्रजापति, शीलू तोमर, आशीष अग्निहोत्री ,अजय यादव बिंदु, संजय मिश्रा , श्रेयस मिश्रा, सुमित जोशी ,सुरेश गुप्ता, जय शिव वाल्मीकि मौजूद रहे।

# हमारी संतान होनहार बने ये बिना संस्कार के संभव नहीं : इंद्रेश

कार्यालय संवाददताता इटावा


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

**अमृत विचार।** नारायण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के तत्वावधान में आलमपुर हौज स्थित नारायण कालेज में आज खिचड़ी भोज एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिले के हजारों लोगों ने खिचड़ी भोज व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द लिया।

नारायण कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हिमालय परिवार के संरक्षक व राष्ट्रीय संयोजक आरएसएस मुस्लिम मंच इंद्रेश ने कहा वसंत पंचमी का पर्व हमे मिलजुल कर रहने और ऊंच नीच को दूर करने का पर्व है। उन्होंने कहा वसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी का स्मरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारी संतान होनहार बने ये बिना संस्कार के सम्भव नहीं है। शिक्षण संस्थान इसके गारंटी बने कि यहां का पढ़ा हुआ बच्चा होनहार और संस्कारवान बने अपराधी नहीं। जब इंसान में अच्छे संस्कार होंगे तभी हम सब मिलकर रहेंगे, मिलकर जिएंगे और छुआछूत मुक्त समाज का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिन्हें कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने काफी सराहा। कर्मचारी नेता इंजीनियर हरी किशोर तिवारी, नारायण कालेज के निदेशक अंकित तिवारी, प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि इंद्रेश सहित समस्त अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने खिचड़ी भोज का आनन्द उठाया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष हिलामय परिवार दिल्ली दयालु महाराज, कुलदीप सिंह, पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी, भाजपा जिलाअध्यक्ष अरुण गुप्ता अन्नू , सर्वेश शाक्य, शोभा दुबे, अजय धाकरे, नवल द्विवेदी, पूनम पांडेय आदि मौजूद रहे।


संबोधित करते इंद्रेश।

- नारायण कालेज में वार्षिकोत्सव और खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

# आचार्य सन्मति सागर की जयंती पर दान किया राशन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में आज तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर जी महाराज का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विशुन कुमार चौधरी ने आचार्य सन्मति सागर महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रबंधक विशुन कुमार चौधरी ने आचार्य सन्मति सागर महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि उनके लिए तो एक पंक्ति पर्याप्त है कि न भूतो न भविष्यति। जैसे हर पर्वत पर हीरा, माणिक्य प्राप्त नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक से गजमुक्ता की प्राप्ति नहीं होती है प्रत्येक वन में चन्दन की उपलब्धि नहीं होती उसी प्रकार संत साधु महात्मा सर्वत्र नहीं होते, पर फिर भी इस कलिकाल में, वैज्ञानिक युग में जहा चहु ओर भौतिकता की चकाचौंध फैली हुई है वहा कही बिरले ही परोपकारी, मानव कल्याणकर्त्ता, पतित को पावन बनाने वाले महापुरुष इस भूमण्डल पर उदित होते हैं। इन महापुरुषों की श्रृंखला में मुनि कुंजर 108 आचार्य आदि सागर महाराज अंकलीकर की परम्परा में तृतीय पट्टाचार्य परम आराध्य,रत्नत्रय धारक, करुणा के सागर,वात्सल्य मूर्ति, तपस्वी सम्राट आचार्य 108 सन्मति सागर हुये। शिक्षा व ज्ञान के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किये हैं।

# मतदाताओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में सोलहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हुआ। जिलाधिकारी ने कहा लोकतंत्र में समानता होनी चाहिए एवं न्याय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को लोकतंत्र एवं मजबूत बनाने के लिए कठोर परिश्रम करेंगे। जिलाधिकारी ने 18 वर्ष से अधिक सभी मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि किसी भी शक्ति की सकारात्मकता जागरूक मतदाताओं के ऊपर निर्भर करती है एवं हमें यह मूल्यांकन करने के पश्चात ही मतदान करना चाहिये कि जिसे हम मतदान करने जा रहे हैं उस व्यक्ति की कार्यक्षमता/कार्यदक्षता का स्तर क्या है। 18 वर्ष पूर्ण किए हुए 5 मतदाताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। मतदाता कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

# विवाहिता की मौत पर ससुराली पक्ष पर लगा हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा कबरई के मोहल्ला विशालनगर में एक विवाहिता के फांसी पर शव लटका मिलने के बाद मायका व ससुराली पक्ष आमने-सामने आ गए और एक दूसरे के मध्य मारपीट हो गई। मायके पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर बेटी को फांसी पर लटका कर मार डालने का आरोप लगाया। वहीं ससुराली पक्ष इन आरोपों को निराधार बता रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचमाना भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश के पड़वार गांव निवासी मृतका के भाई पप्पू ने बताया कि उसकी बहन मिथिलेश अहिवार (21) का 9 माह पूर्व कबरई निवासी दीपक अहिरवार के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न हुआ था। विवाह में हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर बहन को विदा किया था। बताया कि शादी के बाद से ही पति और ससुरालीजन बाइक और नगदी की मांग को लेकर मिथिलेश को प्रताड़ित कर रहे थे। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी ने फांसी लगा ली और जिला अस्पताल ले जा रहे हैं। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि मिथिलेश ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया है। बताया कि कुछ दिन पहले भी मिथिलेश के साथ मारपीट हुई थी, जिसके बाद समझौते से उसे ससुराल भेजा गया था। इस घटना के बाद जिला अस्पताल परिसर में मायके और ससुराल पक्ष के लोग आमने सामने आ गए और उनके बीच मारपीट हुई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं, ससुराल पक्ष ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए दोनों पक्षों के अलावा आसपास के लोगों से भी पूछताछ करने में जुटी हुई है।

# सत्संग मनुष्य को दुखों से दिलाता मुक्ति : प्रमुख

**महोबा।** सत्संग मनुष्य के दुखों, चिंताओं और भय को दूर करने का सबसे सरल साधन है। सत्संग मन को ईश्वर से जोड़कर सांसारिक दुखों को तुच्छ बना देता है। सत्संग से सकारात्मक ऊर्जा, सद्गुणों का विकास, आत्मिक शांति और ज्ञान की प्राप्ति होती है, जो जीवन की दिशा बदलकर मनुष्य को दुखों से मुक्ति दिलाती है। यह विचार संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में रविवार को शहर के कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग में समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सत्संग करने से दुख मनुष्य के पास नहीं आता, हमें अपने कुल देवता का सदैव स्मरण करते रहना चहिए। बताया कि वीर आल्हा ऊदल और चंदेल राजा युद्ध से पूर्व अपने कुल देवता मनिलया देव का स्मरण करते थे, जिससे उन्हें विजय प्राप्त होती थी। उन्होंने मनिया देव पर लोक भजन सुनाया।

# माई इंडिया माई वोट के तहत बनाई मानव श्रृंखला, किया जागरूक


कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उत्साह के साथ आयोजन किया गया। इस मौके पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, इसके बाद समस्त स्कूली छात्र, छात्राओं ने कलेक्ट्रेट कैंपस के चारों तरफ घेरा बनाकर मानव श्रृंखला बनाई गई। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की माई इंडिया माई वोट थीम के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज ने उपस्थित समस्त कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र, छात्राओं को राष्ट्रीय मतदाता की शपथ दिलाई गई।

मतदाता जागरूकता रैली मुकुंदलाल इंटर कॉलेज से हरी झंडी दिखाने के बाद रवाना की गई। रैली प्रमुख रास्ते से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पर पहुंची जहां समस्त स्कूली छात्र छात्राओं ने कलेक्ट्रेट के चारों तरफ घेरा बनाकर मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला बनाए जाने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी व समस्त अधिकारियों ने उपस्थित समस्त कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र, छात्राओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 05 नवीन मतदाताओं को उनके रंगीन मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित करते हुए सम्मानित किया गया। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र, छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त के अनुसार सम्मानित किया गया।

### एसआई कार्य में उत्कृष्ट कार्य पर हुए सम्मानित

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 25 जनवरी, 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर चित्रकूट धाम मंडल, बांदा से विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 231-चरखारी के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी, कुलपहाड़ व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 230-महोबा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ रामबिहारी गुप्ता, सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय नैगवा, बीएलओ सुपरवाइजर रेतूलाल, सहायक अध्यापक, बूथ संख्या 153 से 163 तक को लखनऊ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम सम्मानित किया गया।



# अमृत विचार परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनायें

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ. निर्मल चन्द्र बाजपेई**
प्रधानाचार्य
राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कांधनी
इटावा

गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर जनपद वासियों सहित जायन्ट्स ग्रुप परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ. शिवराज सिंह यादव**
सदस्य
केन्द्रीय समिति जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन



## भारतीय जनता पार्टी इटावा

की ओर से समस्त जनपदवासियों को



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रशांत राव चौबे**
जिला महामंत्री-भाजपा

## गणतंत्र दिवस

के अवसर पर समस्त विद्युत कर्मियों एवं जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**मुकेश शुक्ला, इटावा**



## श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय

राहतपुर-इटावा

स्व. चौ. शंकर दयाल

स्व. चौ. शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान इटावा द्वारा 11 वर्षों से सेवा में तत्पर

श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, आंखों का आधुनिक अस्पताल



डॉ. विद्या कांत तिवारी



राजेंद्र दीक्षित



डॉ. कार्तिकेय मोदी

स्थान- श्री ठाकुर जी राधा कृष्ण मंदिर राहतपुर, इटावा

संपर्क सूत्र- 9410056003, 7017838179, 9457308084, 9675370766, 6398393090

स्थापित वर्ष:- 1999 छत्रपति शाहू जी महाराज वि.वि. कानपुर से सम्बद्ध...

## सरस्वती महाविद्यालय

छैराहा, टिक्सी मन्दिर के पास, इटावा

निश्चित सफलता एवं उच्चतम प्रतिशत हेतु-

प्रवेश प्रारम्भ 2026-2027



100% सफलता एवं छात्रवृत्ति

B.Sc. B.Ed. D.El.Ed.



- ★ बी.एस-सी. (Math & Bio. Group) कॉलेज कोड AU05 में सीधे प्रवेश।
- ★ बी.एड. में काउन्सलिंग द्वारा व प्रवेश परीक्षा में बैठे अभ्यर्थियों के सीधे प्रवेश।
- ★ डी.एल.एड. (B.T.C.) में ऑनलाइन काउन्सलिंग की सुविधा के साथ सीधे प्रवेश।
- ★ [Sports] की सभी सुविधाओं के साथ छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा भी उपलब्ध।
- ★ अनुभवी शिक्षकों द्वारा क्लास रूम व ऑनलाइन की उत्तम शिक्षण व्यवस्था।
- ★ सरकारी नौकरी (Competition) जैसे SSC, Railway, Police, B.Sc Nursing, पैरामेडिकल, शिक्षक भर्ती (TET, CTET) इत्यादि की मुफ्त [Free] तैयारी।

| प्राचार्य | प्रबन्ध निदेशक | उप प्रबन्ध निदेशक | संस्थापक |
|---|---|---|---|
| डॉ. सुरेश चन्द्र | मेधान्शु त्रिपाठी (गोविंद) | देवान्शु त्रिपाठी | रमाकान्त त्रिपाठी |
| 9456847030 | 9958696057 | 8218978606 | 9410437005 |

जनपद का लोकप्रिय सहकारी बैंक

## इटावा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि० इटावा

प्रधान कार्यालय- 28, कृष्णा नगर, भर्थना रोड, इटावा

Email Id- info@etawahucb.com | दूरभाष नं0- 05688-299234 | Website- www.etawahucb.com

77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आपका बैंक अपने सभी ग्राहकों, सदस्यों व शुभचिन्तकों का हार्दिक अभिनन्दन करता है। आप सभी को गणतंत्र दिवस की अनन्त शुभकामनायें।

**हमारी विशेषताएं**

1. सभी निक्षेप भारतीय रिजर्व बैंक के बीमा निगम द्वारा बीमाकृत।
2. अन्य बैंकों से अधिक ब्याज। 3. पूर्णतः (सी.बी.एस.) बैंक।
4. मुख्यशाखा कृष्णा नगर इटावा पर लॉकर्स की सुविधा उपलब्ध।
5. सभी शाखाओं पर एसएमएस अलर्ट, आर.टी.जी.एस./ नैफ्ट, सी.टी.एस. क्लीयरिंग, क्यू.आर.कोड एवं मोबाइल बैंकिग (Veiwing) की सुविधा उपलब्ध।

**हमारी शाखायें-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. मुख्य शाखा | 264222 | 5. जसवन्तनगर | 274980 |
| 2. स्टेशन रोड | 256352 | 6. बकेवर | 224111 |
| 3. सैदवाड़ा | 258111 | 7. विस्तार पटल बसरेहर | 272520 |
| 4. भरथना | 226129 | | |



प्रमोद कुमार पोरवाल
सचिव/महाप्रबन्धक



सतीश कुमार
वित्तीय सलाहकार



डॉ० अजण्ट सिंह यादव
अध्यक्ष

# अमृत विचार परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनायें







































संविधान महज वकीलों का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का एक माध्यम है और इसकी आत्मा हमेशा युग की आत्मा होती है।

-डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संतुलन की परीक्षा

अमेरिका भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ में से 25 प्रतिशत हटाने का संकेत दे रहा है। प्रश्न यह है कि यह महज़ एक राजनीतिक संदेश है या नीति-स्तर पर ठोस बदलाव? जब तक आधिकारिक अधिसूचना नहीं आती, इसे पूर्ण प्रतिबद्धता मानना जल्दबाज़ी होगी, क्योंकि अमेरिकी व्यापार नीति अक्सर रणनीतिक दबाव और सौदेबाज़ी के मिश्रण पर चलती रही है। यदि 25 प्रतिशत टैरिफ वास्तव में हटता है, तो भारत को तकरीबन करीब 50,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हो सकता है। पर यह तब बहुत फायदेमंद नहीं दिखता, जब यह देखें कि 2022 में भारत को रूसी कच्चे तेल पर 15 से 20 डॉलर प्रति बैरल तक की छूट मिलती थी, जो अब घटकर लगभग 5 डॉलर रह गई है। यानी ऊर्जा लागत में असाधारण राहत सीमित हो चुकी है। हमारी आयात संरचना बदलने से हमें मजबूरन महंगे स्रोतों से खरीद बढ़ाना पड़ा, ऐसे में टैरिफ से मिली संभावित राहत का एक हिस्सा ऊर्जा बिल में समा जाएगा।

अमेरिका का यह दावा कि रूसी तेल पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ 'सफल' रहे और अब हटाने का रास्ता साफ है, दो तरह से पढ़ा जा सकता है। एक, इसे भारत की कूटनीतिक संतुलन साधने की वह क्षमता माना जाए कि उसने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखते हुए रिश्तों को बिगड़ने नहीं दिया। दूसरा, इसे अमेरिकी दबाव की रणनीति की सफलता कहा जाए, जिसने भारत जैसे बड़े खरीदार को आयात कम करने की दिशा में बढ़ने पर मजबूर किया। रूसी तेल आयात में आठ महीनों के दौरान लगभग 30 प्रतिशत गिरावट इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। यह टैरिफ रूस की ऊर्जा आय सीमित करने और उसके प्रमुख खरीदारों पर दबाव बनाने के लिए एक रणनीतिक हथियार था, अमेरिका का यह हथियार बेअसर रहा, क्योंकि भारत-रूस रिश्तों में कोई दूरी नहीं आई, गैर-प्रतिबंधित रूसी कंपनियों से खरीद अभी भी जारी है। इसका अर्थ है कि भारत ने तेल आयात में पूर्ण विच्छेद नहीं, बल्कि विविधीकरण की राह चुनी है। भारत ने दिखा दिया कि देश की ऊर्जा नीति मूल्य, उपलब्धता और दीर्घकालिक रणनीति पर आधारित होती है।

यदि टैरिफ कटौती होती है तो इसे न तो अमेरिकी 'इनाम', 'आर्थिक उपहार' कहा जाना चाहिए, न ही भारत का 'झुकना', यह परस्पर हितों की यथार्थवादी स्वीकृति होगी। भारत अब पश्चिम एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका—ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम जैसे नए स्रोतों की ओर देख रहा है। ओपेक की हिस्सेदारी का बढ़ना स्थिर आपूर्ति का संकेत है, परंतु मूल्य-प्रतिस्पर्धा और परिवहन लागत भी अहम हैं। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक के रूप में भारत को दीर्घकालिक समाधान चाहिए। पहला, आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण; दूसरा, सामरिक भंडार का विस्तार; तीसरा, नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तीव्र निवेश; और चौथा, ऊर्जा कूटनीति को बहुध्रुवीय संतुलन पर आधारित रखना। 'इंडिया फर्स्ट' ऊर्जा नीति का अर्थ किसी खेमे में जाना नहीं, बल्कि विकल्पों को खुला रखना है। टैरिफ घटे या नहीं, देखना यह है कि भारत कैसे अपने आर्थिक हित, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक स्वायत्तता के बीच संतुलन बनाए रख पाता है। यही संतुलन आने वाले दशक की नई इबारत लिखेगा।

### प्रसंगवश

## रावी के संकल्प से विकसित भारत की दहलीज तक

भारतीय काल-गणना में कुछ क्षण कालजयी होते हैं, जो केवल कैलेंडर की तारीखें नहीं, किसी राष्ट्र के पुनर्जन्म की गाथा होते हैं। 26 जनवरी भारत के लिए वही चिरंतन क्षण है। यह वह दिन है, जब एक प्राचीन सभ्यता ने आधुनिकता का चोला ओढ़ा और 'शक्ति' को 'सिंहासन' से छीनकर 'संविधान' के सुपुर्द कर दिया। 26 जनवरी कोई साधारण तिथि नहीं है, बल्कि यह वह क्षण है, जब भारत की आत्मा ने स्वयं को पहचाना, जब सदियों की पराधीनता से कुचला हुआ स्वाभिमान पुनः उठ खड़ा हुआ और भारत ने आधुनिक लोकतंत्र के रूप में स्वयं को पुनर्परिभाषित किया। वर्ष 2026 में जब हम अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, यह अवसर केवल तिरंगा फहराने का नहीं, बल्कि उस प्रतिज्ञा के पुनर्मूल्यांकन का है, जो हमने 'हम भारत के लोग' के रूप में स्वयं से की थी। राष्ट्र जब एक बार फिर आत्मावलोकन की दहलीज पर खड़ा है, तब यह प्रश्न और भी अधिक अर्थपूर्ण हो उठता है कि गणतंत्र दिवस के लिए 26 जनवरी ही क्यों चुनी गई? इसका उत्तर इतिहास, संघर्ष, बलिदान और संविधान के उस विराट संगम में निहित है, जो रावी के तट से कर्त्तव्य पथ तक फैला हुआ है।




योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार


1857 की क्रांति की विफलता के बाद, भारतीय मानस धीरे-धीरे संगठित हो रहा था। 1919 का जलियांवाला बाग नरसंहार वह मोड़ था, जिसने ब्रिटिश न्यायप्रियता के मुखौटे को उतार फेंका। रौलेट एक्ट और 1919 के सुधारों की विफलता ने यह स्पष्ट कर दिया कि साम्राज्यवादी सत्ता कभी स्वेच्छा से अधिकार नहीं देगी। 1920 के दशक में भारत एक वैचारिक चौराहे पर खड़ा था। एक तरफ अनुभवी नेतृत्व था, जो 'अधिराज्य' के माध्यम से धीरे-धीरे स्वायत्तता चाहता था तो दूसरी तरफ जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस जैसे युवाओं का दल था, जिनकी आंखों में पूर्ण और अखंड स्वतंत्रता का स्वप्न था।

इतिहास गवाह है कि महान परिवर्तनों की नींव अक्सर नदियों के किनारे रखी जाती है। दिसंबर 1929, लाहौर। रावी नदी के तट पर कड़ाके की ठंड थी, लेकिन भारतीय प्रतिनिधियों के भीतर आजादी की ज्वाला धधक रही थी। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में घोषणा की गई कि 'हमारा लक्ष्य केवल विदेशी शासन को हटाना नहीं है, बल्कि एक ऐसे गणराज्य की स्थापना करना है, जहां अंतिम व्यक्ति की आवाज भी सुनी जाए।' 31 दिसंबर 1929 की मध्यरात्रि को जब दुनिया सो रही थी, भारत ने अपना नया गंतव्य तय किया। 'पूर्ण स्वराज्य' का प्रस्ताव पारित हुआ और 26 जनवरी 1930 को प्रथम 'स्वतंत्रता दिवस' के रूप में मनाने का निश्चय किया गया। यह तिथि भारतीय राजनीति में 'पवित्र' हो गई। भले ही वास्तविक आजादी 15 अगस्त 1947 को मिली, लेकिन भारत के मानस ने 26 जनवरी को ही स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर दिया था।

15 अगस्त 1947 को मिली स्वतंत्रता भौतिक थी, लेकिन उसे वैचारिक आधार की आवश्यकता थी। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा ने एक ऐसे दस्तावेज का निर्माण शुरू किया, जो विविधतापूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरो सके। दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन तक चली बहस दुनिया के इतिहास में अनूठी थी। इसमें केवल कानून नहीं लिखे जा रहे थे, बल्कि सदियों से दबे-कुचले लोगों के लिए सम्मान के द्वार खोले जा रहे थे। 26 नवंबर 1949 को संविधान तैयार होने के बावजूद दो महीने की प्रतीक्षा की गई। प्रश्न है कि आखिर क्यों? दरअसल नेतृत्व 1930 की उस क्रांतिकारी तिथि (26 जनवरी) को अमर बनाना चाहता था। यह इतिहास और वर्तमान का एक अद्भुत संगम था।

## 'गण' के लिए कितना कारगर है 'तंत्र'






अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ


भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था। इसके साथ ही भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। बीते करीब 77 वर्ष में देश ने चहुंमुखी विकास भी किया। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान-तकनीक व सामाजिक-आर्थिक मामलों में गुणात्मक सुधार करने वाला भारत आज आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या (146 करोड़ अनुमानतः) वाला देश वैश्विक पटल पर अपनी धाक जमा रहा है, अपनी साख को सर्वोपरि मानने लगा है। सर्वाधिक युवा आबादी वाला भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है, लेकिन बीते वर्षों में देश का विकास जिस गति से होना चाहिए था, वैसा किंचित नहीं हो पाया है। इसके लिए 'तंत्र' (सरकारी सिस्टम) को दोषी माना जाए या 'गण' (समूह) को कठघरे में खड़ा किया जाए? यह यक्ष प्रश्न।

'जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन' का सिद्धांत यहां फलीभूत तो दिख रहा, किंतु इसकी सार्थकता फिलहाल कागजों पर ही अधिकांश दिखती है। 'गण' के चहुंमुखी विकास के लिए 'तंत्र' के तीनों स्तंभ अर्थात विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका अपने कर्तव्यों के निर्वहन में सतत प्रयत्नशील होने की औपचारिकता तो निभा रहे, लेकिन 'गण' के लिए कितना मुफीद हो पा रहे, यह आज भी चिंतनीय है। भारत में मंत्रालय, विभाग, निदेशालय, आयोग, बोर्ड, सांस्थानिक निकाय, न्यायपालिकाएं आदि 'तंत्र' की मशीनरी हैं। इन सभी के मूल में 'गण' की सेवा ही है, किंतु क्या वे सही दिशा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पा रही हैं?

जनता की प्रत्यक्ष नुमाइंदगी करने वाली विधायिका क्या वह कर पा रही, जिसकी अपेक्षा 'गण' को है? जनता का 'सेवक' मानी जाने वाली कार्यपालिका कहीं अपने को 'स्वामी' तो नहीं मान बैठी है? विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की कार्यशैली का असर समाज में प्रत्यक्ष रूप से पड़ता है। नीति-नियंता ही समाज की दशा व दिशा निर्धारित करते हैं। समाज की बेहतरी के लिए निर्मित नीतियों के सही क्रियान्वयन के लिए नौकरशाही क्रियाशील है। ऐसे में यह समीक्षा करना लाजिमी है कि 'तंत्र' ने हमें कैसी दिशा दी है? हमें किस दशा में पहुंचा दिया है?

लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभाओं आदि में जनता द्वारा चुनकर भेजे गए प्रतिनिधि होते हैं। अधिक संख्या बल वाला राजनीतिक दल एक निश्चित समय के लिए सत्तारूढ़ या सत्ता के केंद्र में होता है। माननीयों द्वारा देश के विकास व आमजन के कल्याण के लिए नीतियां बनाई जाती हैं। बीते करीब आठ दशक में देश में अनगिनत नीतियां बनाई गईं। कुछ ने असमय दम तोड़ दिया तो कुछ छलावा ही साबित हुईं। सीमांत किसान, असंगठित मजदूर, शिक्षित बेरोजगार व गरीबी का दंश झेलते आम भारतीय के लिए 'तंत्र' आखिर ठोस व सकारात्मक कार्य क्यों नहीं कर पा रहा है?

> बीते करीब आठ दशक में देश में अनगिनत नीतियां बनाई गईं। कुछ ने असमय दम तोड़ दिया तो कुछ छलावा ही साबित हुईं। सीमांत किसान,असंगठित मजदूर, शिक्षित बेरोजगार व गरीबी का दंश झेलते आम भारतीय के लिए 'तंत्र' आखिर ठोस व सकारात्मक कार्य क्यों नहीं कर पा रहा?

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार भारत में 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 853 जिले हैं। कुल 543 निर्वाचित सांसद व विभिन्न विधानसभाओं के करीब 4131 निर्वाचित विधायक 'गण' की सेवा का बीड़ा उठाए हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट में 34, उच्च न्यायालयों में करीब 760 न्यायाधीशों के अलावा देश के जिला व अधीनस्थ न्यायालयों में लगभग 20,011 जज वर्तमान में सेवारत हैं। जनवरी 2024 के आंकड़े के मुताबिक करीब 5,542 आईएएस तथा 4,469 आईपीएस अफसरों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्रालय/विभाग से लगायत जनता से जुड़े सरकारी संस्थानों में लाखों अधिकारी/कर्मचारी सरकार की नीतियों के क्रियान्वयन के लिए 'गण' की सेवा में कथित रूप से लगे हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग से लेकर वित्त एवं महालेखा परीक्षक तक सेवा भाव से क्रियाशील हैं, लेकिन क्या कारण है कि उनकी 'भागीरथ सेवाओं' से आम भारतीय लाभान्वित नहीं हो पा रहा? विकासशील भारत को यदि विकसित बनाना है तो 'तंत्र' को अपनी समीक्षा करनी ही होगी। यहां 'गण' की भूमिका की चर्चा भी समीचीन है। गणतंत्र के मूल सिद्धांत को हम कदाचित अमल में लाए ही नहीं। जान लें, स्वतंत्रता अतीत की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्तमान की जिम्मेदारी है। देश का भविष्य शब्दों से नहीं, बल्कि हमारे आचरण व कर्म से निर्मित होगा। संविधान के लागू होने के साथ हमने संकल्प लिया था कि शक्ति के दबाव या भय के आधार पर नहीं, बल्कि हमारा देश न्याय, समानता व विधि के दर्शन को आत्मसात करेगा।

भारतीय संविधान की सार्थकता उसके अनुच्छेदों में नहीं, बल्कि उसे लागू करने वालों की नैतिकता में निहित होगा। मूल प्रश्न यह नहीं कि हमारे पास अधिकार हैं या नहीं। बल्कि यह कि क्या हम उन अधिकारों की गरिमा को निभाने वाले जिम्मेदार 'गण' बन पाए हैं? ऐसा नहीं कि बीते दशकों में हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे! विज्ञान, अंतरिक्ष, डिजिटल संरचना व आर्थिक विस्तार ने यह बता-जता दिया है कि भारत असीम संभावनाओं वाला देश है। नवाचार, उद्यमिता व तकनीकी दक्षता ने विकास के नए द्वार खोले हैं।

स्वच्छ ऊर्जा, जैव आधारित अर्थव्यवस्था और निर्यात विस्तार ने प्रगति को नई दिशा और स्थायित्व प्रदान किया है। युवा बेरोजगारी, पर्यावरण संकट यानी वायु प्रदूषण, जल संकट, नदियों की बिगड़ती दशा व प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन को अब हर हाल में रोकने की आवश्यकता है। विकास की राह में कांटा बने भ्रष्टाचार तथा जाति, धर्म व क्षेत्रीयता की खींची रेखाओं को हम मिलकर नेस्तनाबूद करें। 'तंत्र' और 'गण' मिलकर ठान लें, तो मानव संपदा से परिपूर्ण भारत को विश्व का अग्रणी देश बनने से कोई शक्ति रोक ही नहीं सकती। आएं हम मिलकर भारत को विश्व का अगुआ राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। देशवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। जयहिंद...!

### आमने सामने



कांग्रेस शासन के दौरान ग्राम पंचायत और जिला परिषद क्षेत्रों के परिसीमन में भारी गड़बड़ियां की गईं। डोटासरा, पंचायत चुनाव की चिंता न करें। वे भर्ती घोटाले में जेल जाने की तैयारी करें। उनके जो गुर्गे हैं, उन्हें एसओजी ने पकड़ लिया है, अब उनकी बारी है।

-मदन दिलावर
शिक्षा मंत्री राजस्थान

ऐसे बयानों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। मंत्री जी कच्ची घोड़ी है। जनता सब देख और समझ रही है। विपक्ष के नेताओं पर बयानबाजी कर सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रही है।

-प्रह्लाद गुंजल
कांग्रेस नेता



## गाजा को भविष्य मिलेगा या यूएन को चुनौती




मनोज त्रिपाठी
वरिष्ठ पत्रकार


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' क्या समय के साथ संयुक्त राष्ट्र की जगह ले लेगा? दुनिया के कई देशों के साथ अनेक कूटनीतिक विशेषज्ञ कुछ ऐसी ही आशंका से ग्रस्त हैं। सबके मन में सवाल एक ही है कि ट्रंप का यह नया मंच कहीं संयुक्त राष्ट्र का समानांतर ढांचा न बन जाए। ट्रंप जिस तरह 'बोर्ड ऑफ पीस' की भूमिका और दायरा स्पष्ट कर रहे हैं, उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि वह संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने वाला संगठन बनाने की तरफ ही बढ़ते नजर आ रहे हैं।

'बोर्ड ऑफ पीस' को अब तक एक ऐसे अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में पेश किया गया है, जिसका उद्देश्य संघर्षग्रस्त या संकट की आशंका वाले इलाकों में स्थिरता को बढ़ावा देकर वहां वैध शासन की बहाली करना और स्थायी शांति सुनिश्चित करना है, हालांकि शुरुआत में इसे इजराइली सैन्य अभियानों के दो साल बाद गाजा के पुनर्निर्माण के लिए शासन व्यवस्था की निगरानी और फंडिंग के समन्वय के तौर पर सोचा गया था, लेकिन चार्टर को देखें तो उसमें इससे कहीं आगे व्यापक भूमिका नजर आती है।

ट्रंप खुद कह भी रहे हैं कि 'मुझे नहीं पता कि मैं यह चाहता भी हूं या नहीं, लेकिन यह गाजा के साथ बेहतरीन काम करेगा और शायद दूसरी चीजों में भी, आप जानते हैं, यह गाजा से आगे भी जा सकता है।' दावोस में चार्टर पर दस्तखत करते हुए ट्रंप ने कहा भी कि यह बोर्ड दुनिया के लिए कुछ बहुत ही अनोखा है और यह केवल मध्य-पूर्व ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे युद्धों और संघर्षों को खत्म करने में भी मदद करेगा। ट्रंप किस कदर इस बोर्ड के माध्यम से दुनिया में 'ऑल इन वन' बनना चाहते हैं, यह उसके चार्टर में साफ झलकता है।

> ट्रंप द्वारा गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' क्या समय के साथ संयुक्त राष्ट्र की जगह ले लेगा? दुनिया के कई देश कुछ ऐसी ही आशंका व्यक्त कर रहे हैं।

ट्रंप ने इसे 'अमेरिका फर्स्ट' से अधिक 'ट्रंप सर्वेसर्वा' की बुनियाद पर खड़ा किया है। 'बोर्ड आफ पीस' के अध्यक्ष का पद अमेरिका के राष्ट्रपति को नहीं, बल्कि उन्हें ही दिया गया है और ट्रंप जब तक चाहें तब तक इस पद पर बने रह सकते हैं। यानी आजीवन अध्यक्ष रह सकते हैं। यही नहीं, वह चाहें तो अपने उत्तराधिकारी का भी चयन कर सकते हैं। एजेंडा तय कर सकते हैं और जब जिसे चाहें हटा सकते हैं। यहां तक कि भले ही उसने स्थायी सदस्यता के लिए मांगे गए एक अरब डॉलर का भुगतान भी कर रखा हो।

यह सही है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में प्रशासन और पुनर्निर्माण की निगरानी करने के लिए ट्रंप की अध्यक्षता में शांति बोर्ड का गठन प्रस्तावित किया था। इसके लिए उसने 20 बिंदुओं के गाजा पीस प्लान को नवंबर 2025 में मंजूरी दी थी, लेकिन ट्रंप की अध्यक्षता में अमेरिका ने जो बोर्ड बनाया है, वह बिलकुल अलग चीज है। इसके चार्टर में गाजा का जिक्र तक नहीं है। ऐसे में यह जमीन हड़पने की व्यवस्था करने वाला मंच ज्यादा नजर आता है। इसी से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रंप का 'बोर्ड ऑफ पीस' गाजा के अलावा दुनिया के दूसरे संघर्षों को भी खत्म करने में अपनी भूमिका निभाने का इरादा रखता है और इसका मकसद खुद को संयुक्त राष्ट्र या उसकी सुरक्षा परिषद के विकल्प के तौर पर पेश करना है।

जाहिर है कि इन स्थितियों में यह ट्रंप द्वारा अमेरिकी शक्ति का प्रदर्शन करने का एक सीधा-सादा जरिया ज्यादा है। दूसरे शब्दों में कहें तो, यह एक ऐसा खाका है, जिसमें गाजा को सिर्फ परीक्षण के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में यह किस हद तक संयुक्त राष्ट्र पर अतिक्रमण करने, या उसे विस्थापित करने का, एक गंभीर प्रयास है, या फिर शक्ति प्रदर्शन के साथ अहंकार को चमकाने वाले मंच का निर्माण है, स्पष्ट नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि ट्रंप ने 'बोर्ड आफ पीस' के जरिए एक बार फिर अपनी हद पार कर दी है। दावा है कि व्लादिमीर पुतिन इस संगठन में शामिल हो गए हैं। सऊदी अरब, मिस्र और तुर्की सहित आठ मुस्लिम-बहुल देशों ने भी इसमें शामिल होने पर सहमति जताई है, लेकिन अभी अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी स्पष्ट रूप से इस मंच से नदारद हैं।

'बोर्ड आफ पीस' को लेकर अभी जो तस्वीर उभर रही है, उससे गाजा में शांति स्थापित करने और फिलिस्तीनियों के लिए न्याय दिलाने का पहले से ही कठिन काम और भी जटिल होता नजर आ रहा है। ऐसे में यही कहा जा सकता है, जब ट्रंप अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का अपमान करते हैं, तो दूसरों को इसकी रक्षा करना जारी रखना होगा। खासतौर पर भारत की भूमिका को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के लिए ट्रंप की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन भारत ने दावोस में इसकी लॉन्चिंग से दूरी बनाई। भारत के अलावा अमेरिका के कई अन्य प्रमुख साझेदार देश जैसे फ्रांस, ब्रिटेन ने भी हिस्सा नहीं लिया। चीन को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन वह भी शामिल नहीं हुआ। जर्मनी, इटली, रूस, तुर्किए, स्लोवेनिया, पराग्वे और यूक्रेन समेत कई देश अब तक इस पहल पर स्पष्ट रुख अपनाने से बचते नजर आ रहे हैं।

### सोशल फोरम

## नृत्य मनुष्य का रुदन है!

जो लोग कलाओं को 'जीवन का उल्लास' कहते हैं, उनके लिए कला महज सजावट है। एक ऐसा खूबसूरत पर्दा, जिसके सामने रहने से भीतर की गरीबी, पीड़ा और टूटन दिखाई नहीं देती। वही मंटो की कहानी जैसा पर्दा, लेकिन वास्तविक कला पर्दा नहीं, बल्कि खिड़की है, जहां से मनुष्य के निजी और सार्वजनिक दोनों तरह के घाव झांकते हैं और इसीलिए कला की अभिव्यक्ति शोक से ही संभव है, क्योंकि कला मनुष्य के दुख का मानवीय रूपांतरण है। उल्लास उसका बाहरी आवरण। दुख की मिठाई पर लपेटा गया चांदी का वर्क।




सचिन श्रीवास्तव
ब्लॉगर


उल्लास को बेचने वाली दुनिया कला को 'खुशी का उत्पाद' बनाकर पेश करती है। उनके लिए कविता प्रेम-पत्र है, तो संगीत मनोरंजन, नृत्य उत्सव है तो रंगमंच सामूहिक खिलखिलाहट, लेकिन मनुष्य का जीवन महज उत्सव नहीं है। यह संघर्ष, हंसी, आंसू, उपलब्धि, टूटन, उदासी से मिलकर बना है। तो साफ है कि कला मूलतः शोक का विस्तार है। दुख, निराशा, असहायता और संघर्ष का रूपांतरण।

नृत्य को हम अक्सर 'आनंद' की देहभाषा मान लेते हैं, लेकिन दर हकीकत नृत्य मनुष्य के शरीर में जमा दबाव का विस्फोट है। दबाव, जो शब्दों में उतर नहीं पाता। जैसे लंबे समय तक पीठ पर बोझ उठाने वाले शरीर से वजन हटने के बाद की अंगड़ाई। कभी थिरकन में, कभी कंपन में, कभी तीव्र गति में, कभी धीमे-धीमे झुकने में। एक मनुष्य पूरे दिन मशीन की तरह काम करने के बाद किसी लोक-नृत्य में शामिल होता है, तो वह खुशी नहीं मना रहा होता, वह अपने भीतर की टूटन को कुछ देर के लिए भुलाने, या उसे सहने योग्य बना रहा होता है, इसलिए नृत्य 'उत्सव' नहीं, जीवन का रुदन है, जहां आंसू शरीर से बहते हैं।

इसी तरह, कविता मनुष्य की सबसे पुरानी आत्म-रक्षा है और कागज शोक की कब्रगाह नहीं, बल्कि उसका जीवित प्रमाण हैं। गौर से देखिए तो प्रेम कविता में भी इश्क का उल्लास कम और प्रेम की कमी, असुरक्षा, असफलता, दूरी, भय अधिक लिखे होते हैं, इसलिए कविता करुणा में ही अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में अभिव्यक्त होती है। करुणा के अलावा लिखी गई हर काव्य पंक्ति महज एक शोर है। कला का उल्लास वाला भ्रम इसलिए उपयोगी है कि अगर कला को महज 'खुशी' बना दिया जाए, तो वह बाजार के लिए बिकाऊ हो जाती है। तब कविता इंस्टाग्राम की प्रेरक पंक्तियां बन जाती है, संगीत बैकग्राउंड नॉइज और नृत्य एक रील का कंटेंट। यह कला की हत्या है।

-फेसबुक वाल से



### सामयिकी

## नेपाल चुनाव परिणाम पर पड़ोसी देशों की नजर

जेन जी आंदोलन में भारी नुकसान के बाद सत्ता में आई अंतरिम सरकार के वादे के मुताबिक नेपाल वक्त से पहले चुनाव की दहलीज पर है। प्रधानमंत्री, उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की ने सत्ता संभालते ही छः महीने के भीतर चुनाव कराकर सत्तासीन पार्टी को सरकार की कमान सौंप देने का वादा किया था। सुशीला कार्की के वादे के अनुसार पांच मार्च को नेपाल प्रतिनिधि सभा का चुनाव तय है। नामांकन की तिथि समाप्त हो चुकी है। राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार और जनसंपर्क में जुटे गए हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार प्रतिनिधि सभा के 165 सीटों के लिए नेपाल के मान्यता प्राप्त 68 राजनीतिक दलों के अलावा और स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भी सैकड़ों उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्दल उम्मीदवारों में कई नामचीन चेहरे भी हैं, जो अपने दलों से टिकट न पाने की वजह से निर्दल ही चुनाव लड़ने को मजबूर हुए हैं। भारी उथल-पुथल के बीच नेपाल में होने जा रहे इस चुनाव पर दुनिया की नजर है। खासकर उन देशों की जो नेपाल के पड़ोसी राष्ट्र हैं जैसे भारत, चीन, पाकिस्तान आदि। नेपाल में हाल के दिनों में अमेरिका की भी दिलचस्पी बढ़ी है, इसलिए उसे भी नेपाल के चुनाव परिणाम की उत्सुकता है।




यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार


नेपाल का यह चुनाव वाकई कई मायनों में दिलचस्प और महत्वपूर्ण है। नेपाली कांग्रेस जो नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी है और इसका राजशाही के जमाने से ही लोकतंत्र की लड़ाई का इतिहास रहा है, अब परिवर्तित नेपाली कांग्रेस हो गई है। इस पार्टी को कोइराला परिवार के प्रभुत्व वाली पार्टी कहा जाता था, जिसकी भारत से नजदीकियां रही हैं। 2021 में सांगठनिक चुनाव में इस पार्टी से कोइराला परिवार का वर्चस्व टूट गया। सभापति के चुनाव में शेर बहादुर देउबा कोइराला परिवार के शेखर कोइराला को पराजित कर पार्टी के सभापति (अध्यक्ष) पद पर काबिज हुए थे। देउबा पश्चिम नेपाल के डेडुल्धुरा क्षेत्र से 1991 से सांसद चुने जाते रहे और नेपाल के पांच बार प्रधानमंत्री रहे।

पिछले महीने जेन जी आंदोलन में देउबा और उनकी पत्नी आरज़ू राणा को काफी प्रताड़ना सहनी पड़ी थी। इस आंदोलन के बाद नेपाली कांग्रेस की छवि सबसे कमजोर नेतृत्व वाली पार्टी के रूप उभर कर सामने आई। तभी से देउबा पर विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाने की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा जानते थे कि अधिवेशन का मतलब सभापति पद से उनकी छुट्टी करना है, इसलिए वे अधिवेशन के पक्ष में नहीं थे, लेकिन जैसा कि नेपाली कांग्रेस के विधान में है कि पार्टी की केंद्रीय समिति के 54 प्रतिशत सदस्य यदि चाहें तो अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। इसी विधान के तहत पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा ने अधिवेशन आहुति की जो चार दिन तक चला।

देउबा न केवल अधिवेशन को अवैधानिक करार देने में जुटे रहे, गगन थापा, विश्व प्रकाश शर्मा और सह महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित करने का फरमान जारी कर दिया। अधिवेशन में 54% से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी। देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला। नए नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस ने इनकी जगह पर किसी अन्य को टिकट दे दिया है। देउबा के चुनाव न लड़ने से डेडुल्धुरा चुनाव क्षेत्र जो सुर्खियों में रहा करता था, इस बार चुनावी परिदृश्य से गायब है। देउबा के शानदार राजनीतिक सफर का अंत इतना क्रूरतम होगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730*इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय दंगल का आयोजन आज से

कुरारा(हमीरपुर)। स्थानीय भगत तालाब में गणतंत्र दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कस्बे में प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर दो दिवसीय दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। दंगल कमेटी के रमन सिंह आजाद ने बताया कि सोमवार को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। दंगल में मध्यप्रदेश केसरी, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के पहलवान आ रहे है। दूसरे दिन बुंदेलखंड केसरी का चयन भी किया जाएगा। दंगल कमेटी द्वारा सभी पहलवान आमंत्रित है।

### व्यापारी के पुत्र की मौत पर व्यापारियों ने निकाला कैंडल मार्च

राठ। चित्रकूट जिले के बरगढ़ में कपड़ा व्यापारी अशोक कुमार केशरवानी के 13 वर्षीय पुत्र आयुष उर्फ छोटू की गुरुवार को हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी कल्लू उर्फ साहिबे आलम को एक मुठभेड़ में मारा था। दूसरा आरोपी इरफान अंसारी को हाफ एनकाउंटर में घायल कर दिया था। आयुष की हत्या को लेकर व्यापारियों में रोष छा गया। रविवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता की अगुवाई में व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकाला। इस मौके पर व्यापारियों ने सरकार से इस घटना से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग की। इस मौके पर ब्रजेंद्र सोनी उर्फ भोले, प्रशांत गुप्ता राष्ट्रवादी, कामेश गुप्ता, राजेंद्र सर्राफ, गिरीश शरण बुधौलिया रहे।

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 व 28 जनवरी को

हमीरपुर। नगर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 व 28 फरवरी को होना सुनिश्चित है। यह जानकारी प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को रसायन विज्ञान व 28 जनवरी को भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा होनी है। उन्होंने सभी संबंधित छात्र छात्राओं से निर्धारित तिथि को समय 9:20 बजे विद्यालय में संपूर्ण सामग्री के साथ उपस्थित हो।





नगर में चेकिंग अभियान चलाते एएसपी व सीओ। मौदहा रेलवे स्टेशन में चेकिंग करते सीओ व कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

### एएसपी व सीओ ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, परखीं व्यवस्थाएं

# गणतंत्र दिवस को लेकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर की जांच

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** एएसपी मनोज गुप्ता, सदर सीओ राजेश कमल ने रविवार को 77 वें गणतंत्र दिवस को लेकर नगर में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सघन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने मुख्यालय के विभिन्न होटलों, लॉज, धर्मशालाओं, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार क्षेत्र, भीड़-भाड़ वाले एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस टीमों द्वारा गहनता से चेकिंग की।

संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की तलाशी ली गई तथा होटलों व लॉज में ठहरे व्यक्तियों के पहचान पत्रों की जांच कर रजिस्टरों का सत्यापन किया।

दोनों अधिकारियों ने संबंधित संचालकों एवं आमजन को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए साथ ही उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। मौदहा संवाददाता के अनुसार गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे कस्बे को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कस्बे के सभी प्रमुख चौराहों, पेट्रोल पंपों, होटलों व रेलवे स्टेशन पर पुलिस की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बाहर से आने वाले यात्रियों के वाहनों की गहन जांच की जा रही है, वहीं उनके सामानों को भी बारीकी से चेक किया जा रहा है। यह सघन चेकिंग अभियान सीओ राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर चलाया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। लोग बिना किसी भय के संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# डॉ. इंद्रपाल सिंह निर्विरोध ब्रह्मानंद महाविद्यालय के अध्यक्ष चुने गए

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय में अध्यक्ष पद पर डॉ. इंद्रपाल सिंह को निर्विरोध चुना गया। रविवार को ब्रह्मानंद महाविद्यालय के बीएड विभाग में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शपथ दिलाई गई।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिन पहले ब्रह्मानंद महाविद्यालय में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया हुई थी। चुनाव में पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंद्रपाल सिंह लोधी ने पर्चा दाखिल किया था। किसी अन्य प्रत्याशी के पर्चा दाखिल न करने पर डॉ. इंद्रपाल सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष मान लिया गया। रविवार को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से आये पर्यवेक्षक डॉ. सुनील कुमार कविया की उपस्थिति में समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ. जुझार सिंह ने पूर्व अध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव अधिकारी महेंद्र सिंह एडवोकेट ने अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र नव निर्वाचित अध्यक्ष को प्रदान किया। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा. इंद्रपाल सिंह ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के पूर्व सचिव डॉ. कमलेश सक्सेना, उपाध्यक्ष डॉ. अजय पाल सिंह, डॉ. सतीश सिंह, कैलाशचंद्र अग्रवाल, केजी अग्रवाल, विन्द्रावन, रामसेवक सिंह, विनोद कुमार, रामगोपाल, धर्मपाल समेत महाविद्यालय के प्राध्यापक आदि लोग रहे। डा.इंद्रपाल सिंह के अध्यक्ष बनने पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सदस्यों ने माला पहना स्वागत किया।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. इंद्रपाल सिंह को प्रमाण पत्र देते पर्यवेक्षक व अन्य।



स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर आशीर्वाद लेने पहुंचे। अमृत विचार

### शायरों ने मुशायरे में पेश किए कलाम

मौदहा (हमीरपुर)। मौजा कम्हरिया में सूफी बदरुद्दीन निजामी के सालाना उर्स के अवसर पर उन्हीं के आस्ताने में मनकबती तरही मुशायरा संपन्न हुआ। जिसकी सदारत सज्जादगान आलिया हाफिज वली मोहम्मद व हाफिज लाल मोहम्मद और संचालन रमजान खां साहिल ने किया। मुशायरे का आगाज मसीह निजामी ने नात पढ़कर किया उसके बाद दिए गए मिसरे तसव्वफ का हमें तो बस यही मरकज नजर आया पर सभी शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए।




# हादसे में घायल की युवक झांसी ले जाते गई जान

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के रामलीला मैदान में दो दिन पहले सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद एक घायल युवक की झांसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव निवासी कमलेश कुमार (39) पुत्र कुंजबिहारी शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे कस्बे के रामलीला मैदान के पास खड़ी अपनी बाइक में बैठा था। उसी दौरान सैदपुर गांव निवासी तेज रफ्तार बाइक सवार मयंक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। इस हादसे में बाइक पर बैठे कमलेश के अलावा दूसरी बाइक का चालक मयंक भी गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया था। चिकित्सकों ने दोनों घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। झांसी ले जाते समय कमलेश ने रास्ते मं दमतोड़ दिया। कमलेश कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

### मजदूरी बढ़ाने को लेकर पल्लेदारों ने की हड़ताल

कुरारा। स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में काम करने वाले पल्लेदारों ने अपनी मजदूरी बढ़ाने के लिए सुबह से काम बंद रखकर हड़ताल की। इससे मंडी का कार्य प्रभावित रहा। बाद व्यापारियों व पल्लेदारों के मध्य समझौता हुआ, इसके बाद काम शुरू हुआ। कृषि उत्पादन मंडी समिति में अपनी मजदूरी बढ़ाने के लिए पल्लेदारों ने सुबह से काम बंद करके हड़ताल की। किसान परेशान रहे। पल्लेदारों की मांग थी कि तौल की मजदूरी बढ़ाई जाए।



पल्लेदारों व व्यापारियों के बीच होती बातचीत। अमृत विचार

# मजदूरी बढ़ाने को लेकर पल्लेदारों ने की हड़ताल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में काम करने वाले पल्लेदारों ने अपनी मजदूरी बढ़ाने के लिए सुबह से काम बंद रखकर हड़ताल की। इससे मंडी का कार्य प्रभावित रहा। बाद व्यापारियों व पल्लेदारों के मध्य समझौता हुआ, इसके बाद काम शुरू हुआ।

कृषि उत्पादन मंडी समिति में अपनी मजदूरी बढ़ाने के लिए पल्लेदारों ने सुबह से काम बंद करके हड़ताल की। किसान परेशान रहे। पल्लेदारों की मांग थी कि तौल की मजदूरी बढ़ाई जाए। इसके बाद व्यापारियों व पल्लेदारों के मध्य मजदूरी को लेकर दोपहर दो बजे तक बातचीत जारी रही। दोपहर बाद दोनों के बीच मामले का हल निकला तथा पल्लेदार अपने काम पर वापस लौटे। मजदूरी का लिखित समझौता हुआ। गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश शिवहरे गुल्लु ने बताया कि सभी व्यापारियों की सहमति से मजदूरी का निर्धारण किया गया है। इस अवसर पर व्यापारी कन्हैया गुप्ता, छोटू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### निरीक्षण में डॉक्टर व सीएचओ अनुपस्थित पाए गए

**कुरारा(हमीरपुर)।** क्षेत्र के कुसमरा गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का सीएचसी प्रभारी ने औचक निरीक्षण किया। जहां 12 बजे तक 18 मरीजों का उपचार होते पाया गया। क्षेत्र के कुसमरा गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का सीएचसी प्रभारी सुनील कुमार जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोपहर 12 बजे तक कुल 18 मरीजों का उपचार होते हुए पाया गया। सीएचसी प्रभारी ने मेले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं और स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण के समय मौके पर रिद्धि-सिद्धि सहित समस्त स्टाफ मौजूद मिला, पारा गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एक अन्य आरोग्य मेले में 28 मरीजों का उपचार किया गया, लेकिन इस दौरान डॉक्टर और सीएचओ मौके पर अनुपस्थित पाए गए। जिस पर सीएचसी प्रभारी ने नाराजगी जताई और आवश्यक निर्देश दिए।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# मतदान जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

## एसडीएम ने हरीझंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने तहसील परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस तहसील परिसर में समाप्त हुई। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां और बैनर ले रखे थे। उन्होंने पहले मतदान फिर जलपान, सशक्त लोकतंत्र जागरूक मतदाता और हर वोट की है कीमत जैसे नारे लगाए। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है। यदि छात्र छात्राएं अभी से मतदान का महत्व समझेंगे, तो वे आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। रैली में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया।


जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली:** भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय मतदाता दिवस तहसील में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम शलेश्वर इंटर कॉलेज से रैली का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बलराम गुप्ता उपजिलाधिकारी व राम मोहन तहसीलदार ने हरी झंडी दिखाकर रैली निकाली गई। रैली नगर में जरिया स्टैंड, चिकवन चौराहा, पुलिस चौकी, ममना बस स्टैंड होते हुए तहसील पहुंची। तहसील परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## अंत समय में प्रधान 'भ्रष्टाचार' की नई इबारत लिखने में जुटे

**हमीरपुर।** ग्राम प्रधानों का कार्यकाल मई माह में समाप्त होने जा रहा है। अंत समय में प्रधान भ्रष्टाचार की नित नई इबारत लिख रहे हैं। सुमेरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मवई जार के मजरा कलका पुरवा में मनरेगा योजना से सीसी मार्ग का कार्य कराया गया है। लेकिन ग्राम प्रधान कुछ मजदूरों को ले जाकर इसकी मजदूरी निकालने में जुटे हुए है। आठ दस मजदूरों को आगे पीछे खड़ा करा कर फोटो खींच कर मनरेगा साइट में अपलोड की जा रही है। ग्राम पंचायत मवईजार में गंगा के दरवाजे से बजरंगबली तक मनरेगा योजना से सीसी मार्ग बनाया गया है। ग्राम प्रधान कामता प्रसाद वर्मा ने 24 जनवरी को चार मस्टर रोलों में 37 मजदूरों को कार्य करना दर्शाया है। जबकि जमीनी हकीकत में इतने मजदूर नहीं दिखाई दे। निगरानी करने वाले एपीओ मनरेगा सहित सभी अधिकारियों ने आंखें बंद कर रखी है। मामला प्रकाश में आने पर प्रधान बचाव में उतर आया है और सचिव को मामले की जानकारी नहीं है। ग्राम प्रधान ने कहा कि आरोप निराधार है।



मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम। अमृत विचार

# चित्रकला प्रतियोगिता में पीयूष रहे अव्वल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट प्रांगण से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम मीना ने समस्त उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों को मतदाताओं को किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग किये जाने के लिए शपथ दिलायी। मतदान से संबंधित जनपद स्तर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पीयूष ने प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की आराध्या ने द्वितीय एवं इस्लामिया इंटर कॉलेज की जोया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रिया प्रथम, सरदार पटेल इंटर कॉलेज की श्रुति कश्यप द्वितीय व तृतीय स्थान पर श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मानस द्विवेदी रहे। भाषण प्रतियोगिता में अंजली देवी प्रथम, गौतम द्वितीय व तृतीय अर्जुन गौतम रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम आकांक्षा, द्वितीय पुष्पेन्द्र कुमार व तृतीय अंजली रही। जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

## कबरई कानपुर मार्ग पर जाम व दुर्घटनाओं से त्रस्त कस्बा वासी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कबरई-कानपुर मार्ग (एनएच-34) पर आए दिन लगने वाले जाम और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से कस्बा वासी परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे की जमीन पर लंबे समय से अतिक्रमण होने और दुकानों के बाहर सामान फैलाकर रखने से सड़क संकरी हो गई है, जिससे यातायात प्रभावित रहता है।

कस्बावासियों के अनुसार, कई दुकानदार हाईवे की पटरी तक कब्जा कर व्यापार कर रहे हैं। ठेले, तख्त, बोर्ड और माल सड़क तक आ जाने से वाहन चालकों को बार-बार ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय निवासी रामकिशोर ने कहा स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए सड़क पार करना मुश्किल हो गया है। ऑटो चालक श्यामलाल का कहना है कि जाम में फंसने से समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है। प्राधिकरण अवैध कब्जे पहले ही चिन्हित कर चुके हैं। और एनएचएआई पहले भी अतिक्रमणकारियों को नोटिस दे चुका है।



































## न्यूज ब्रीफ

### यूपी स्थापना दिवस पर किया गया सम्मान

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेरुआ के बच्चों ने नशा मुक्ति पर नाटक प्रस्तुत किया। सहायक अध्यापिका अनुरंजना सिंह ने कठपुतली के माध्यम से जिले के प्रमुख स्थलों की जानकारी दी। वंदना यादव ने चित्रकूट के महात्म्य पर भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। प्रत्येक विकास खंड से चयनित पांच-पांच उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीईओ मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला, वेद प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### पेट्रोल पंप लूट का आरोपी दबोचा गया

बरगढ़ (चित्रकूट)। प्रभारी निरीक्षक शिवआसरे ने परानू बाबा पेट्रोल पंप कलचिहा से हुई लूट में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया। इस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। बीते साल 18 अक्टूबर को राजकुमार गौतम निवासी उमरी थाना सिविल लाइन (सतना) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17/18 अक्टूबर की रात जय परानू बाबा फिलिंग स्टेशन कलचिहा पंप पर बोलेरो से आए चार लोगों ने सेल्समैन, चौकीदार आदि को मारापीटा और ताला तोड़कर सारा सामान बिखरा दिया। लगभग 95 हजार रुपये व कर्मचारियों के मोबाइल लूटकर भाग निकले। पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। रविवार को एसओ बरगढ़ ने एक अन्य आरोपी सौरभ तिवारी पुत्र बजरंग निवासी ग्राम गोबरा संग्राम थाना शंकरगढ़ (प्रयागराज) को गिरफ्तार किया। इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस टीम में आदित्य कुमार, पीयूष सरन श्रीवास्तव और उमेश कुमार शामिल रहे।

### तुलसीतीर्थ में निकाली जागरूकता रैली

राजापुर (चित्रकूट)। राजकीय बालिका इंटर कालेज तथा तुलसी इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर लोगों को मताधिकार के संबंध में जागरूक किया। उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाद में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज में संगोष्ठी हुई। इसमें उप जिलाधिकारी ने सुपरवाइजर व बीएलओ को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिए गए। प्रधानाचार्या पार्वती देवी, रसनामणि पटेल, मनीष यादव, सविता, अंजना सिंह, रीना कुमारी, डॉ. दीपिका बरनवाल, रश्मि सिंह, दीक्षा त्रिपाठी, दीप्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रा को दी साइकिल

कालपी-जालौन। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा मे जिले मे दसवां स्थान हासिल करने वाली नौंवी की छात्रा खुशी को क्षेत्रीय विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। उसे विद्यालय आने के लिए साईकिल भेंट की गई। महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक बिनोद चतुर्वेदी ने गांव की मेधावी छात्रा खुशी दीक्षित को साइकिल भेंट करते हुए कहा कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती यह इस छात्रा ने साबित कर दिया है इसलिए ऐसे मेधावियों का हौसला बढ़ाना चाहिए। इस दौरान तमाम लोग मौजूद रहे।

# जाति, धर्म और प्रभोलन के आधार पर वोट न करें : डीएम

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोगों को संबोधित करते हुए किया सम्मानित



छात्रा को सम्मानित करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार


राजापुर में मतदाता जागरूकता गोष्ठी में बोलते एसडीएम फूलचंद्र यादव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। डीएम पुलकित गर्ग ने सबको मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी ने मां सरस्वती के पूजन अर्चन से किया। सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का बैज लगाया गया। चित्रकूट इंटर कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। स्वागत गीत व मतदाता जागरूकता गीत गाया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मताधिकार पर वक्तव्य दिए और गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक लालमन ने भी मतदाता जागरूकता गीत गाया। जिलाधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिह्न देकर व पदक देकर उत्साहवर्धन किया। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्रम् से सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरे करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से बीएलओ का फुल फॉर्म पूछा और कहा कि लोकतंत्र में कई पहिए होते हैं उनमें सबसे महत्वपूर्ण पहिया सक्रिय एवं जागरूक नागरिक हैं। सभी को अपने बूथ तथा बूथ के अधिकारी के साथ ही साथ अपने जनप्रतिनिधियों को भी जानना चाहिए। चुनाव के समय बिना किसी प्रलोभन के या फिर जाति, धर्म के आधार पर वोट न करें यदि ऐसा करें तो अच्छी शासन व्यवस्था की उम्मीद न करें। अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के इतिहास को बताया। उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू ने बताया कि 31 जनवरी व एक फरवरी को मतदाता पंजीकरण की विशेष तिथि है। जो मतदाता बनने से वंचित रह गए हैं या अर्हता पूरी कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। अतिथियों का स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक / नोडल अधिकारी स्वीप रविशंकर ने किया। प्रवक्ता सुरेश प्रसाद ने सभी का आभार जताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजेश पाल ने अफसरों को लकड़ी के खिलौने भेंट किए। संचालन प्रोफेसर डा. वंश गोपाल ने किया।

### महिला के शव की नहीं हो सकी पहचान

**कालपी जालौन।** बुधवार को साईं मन्दिर के पास मिली अज्ञात महिला के शव की पहचान अब आसान नहीं है। आधार कार्ड के सहारे गैर प्रान्त उसकी खोज में गई पुलिस खाली हाथ लौटी है।

बुधवार को उसरगांव निवासी किसान बब्लू पुत्र रामपाल पड़ोसी किसान को खेत से पानी के पाइप डालने से रोकने के लिए पहुंचा था लेकिन वह किसान को पाइप डालने से रोकता कि इससे पहले खेत मे लगे विद्युत विभाग के हाईटेंशन टावर के पास एक महिला का अधजला शव पड़ा दिखाई दिया था, जिससे धुंआ भी निकल रहा था। खेत में महिला की लाश पड़े होने की सूचना उसने डायल 112 पर दी। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह भी पहुंच गए थे जहां उन्हें शव के पास एक अधजला आधार कार्ड और रेल का टिकट मिला है, जिसमें राजस्थान का पता अंकित था। इसी के चलते टीम राजस्थान स्थित जोधपुर के पते पर गयी तो वह आधार मोहित का निकला था जिसने बताया था कि वह कुछ माह पहले गुड़गांव के एक होटल में ठहरा था और चलते समय आधार कमरे में ही छोड़ आया था। पुलिस इस बात की तस्दीक करने गुड़गांव भी गयी। वहां पर मोहित शर्मा की आधार छोड़ने की बात सही निकली थी और पुलिस खाली हाथ आ गई।

# दो ग्राम पंचायतों के प्रधानों को दिल्ली से आया न्यौता


संत शरण त्रिपाठी प्रधान तीरमऊ।


अनिल मिश्रा प्रधान छीबों।

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

- मॉडल यूथ ग्रामसभा पहल का हिस्सा बनेंगी दोनों ग्रामसभा

**अमृत विचार।** नई दिल्ली में 28 जनवरी को प्रदेश स्तर की उत्कृष्ट ग्राम पंचायत के मॉडल यूथ ग्रामसभा के कार्यक्रम में आकांक्षी ब्लॉक रामनगर की दो ग्राम पंचायतों के प्रधानों को भी आमंत्रित किया गया है।

डीपीआरओ द्वारा जारी पत्र के अनुसार, मॉडल यूथ ग्रामसभा पहल के अंतर्गत ग्राम पंचायत छीबों के ग्राम प्रधान अनिल मिश्रा एवं ग्राम पंचायत तीरमऊ के ग्राम प्रधान संत शरण त्रिपाठी को भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में होने जा रहे कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। इसमें प्रदेश से कुल 150चयनित प्रधान प्रतिनिधियों को शामिल होना है। अनिल मिश्रा प्रधान छीबों ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के लाभार्थी तक पहुंचाना सतत् प्रयास रहा है। इसके साथ ही पंचायत सचिवालय, अत्याधुनिक लाइब्रेरी, आरआरसी सेंटर, सामुदायिक शौचालय, ग्राम वन का निर्माण, कायाकल्प योजना से आकर्षक विद्यालय को सुसज्जित किया गया है। पिछले वर्ष नई दिल्ली के राजपथ में आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड देखने के लिए आमंत्रण पत्र मिला और राष्ट्रपति भवन के अतिथि बने। अब अपनी ग्राम पंचायत छीबों को मॉडल ग्राम बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। तीरमऊ के ग्राम प्रधान संत शरण त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर, गौशाला संचालन, बिजली पानी से गांव संतृप्त है। अब गांव की अन्य जरूरतों को पूरा करना है कि गांव को मॉडल गांव बना सकें।


पदक पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं।

# दीक्षांत समारोह में मेधावियों को दिए पदक और प्रमाणपत्र

संवाददाता मानिकपुर चित्रकूट

- राजकीय पॉलिटेक्निक में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन

**अमृत विचार।** राजकीय पॉलिटेक्निक में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा और विधायक प्रतिनिधि विनोद द्विवेदी ने 2025 और उससे पूर्व उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा प्रमाणपत्र और पदक दिए। प्रधानाचार्य अशोक कुमार पुराणिक ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। संचालन शालिनी सिंह और हर्षिता तिवारी ने किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह, जगदीश चंद्र, कृष्ण कुमार, सोमवीर सिंह, अनुराग तिवारी, पवन कुमार, सर्वेश, नरेंद्र, विशाल, नीरज कनौजिया, अंकित सिंह, शुभम सिंह, नवीन कुमार, दीप्ति गुप्ता, प्रीति पांडेय, पल्लवी तिवारी, प्राची सिंह, शगुफ्ता परवीन, सपना यादव, रामचेत यादव, राजेंद्र सिंह, कमलभान सिंह आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

**कालपी जालौन।** रविवार को तहसील सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें एस डी एम द्वारा एस आई आर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मतदाता दिवस के रूप में जानकारी देते हुए एसडी एम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि 25 जनवरी 1950 में निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था तभी से देश के नागरिकों को वोट का अधिकार प्राप्त हुआ था और अधिक से अधिक लोग मतदान करें इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वर्ष 2011 में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन शुरू हुआ था। तभी से यह दिवस मनाया जाता है। इस दौरान तहसीलदार अभिनव तिवारी ने कहा कि जब सभी मतदाता मतदान जाति धर्म, भाषा के आधार पर करना बंद करेंगे तभी लोकतंत्र सार्थक होगा। इस दौरान मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

# आयुष हत्याकांड का आरोपी इरफान भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



आयुष की याद में कैंडल मार्च निकालते बरगढ़ के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बरगढ़ में 13 साल के आयुष के अपहरण और हत्या के आरोपी इरफान को कोर्ट के आदेश के बाद जेल भेज दिया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में भारी सुरक्षा व्यवस्था रही।

बरगढ़ के कपड़ा व्यापारी अशोक कुमार केशरवानी के 13 वर्षीय बेटे आयुष उर्फ छोटू की 40 लाख की फिरौती की मांग करने के बाद आरोपियों ने हत्या कर दी थी। मोबाइल नंबर ट्रेस कर पुलिस अशोक के घर के पास ही किराये के घर में दुकान किए आरोपी इरफान अंसारी निवासी जिला प्रयागराज तक पहुंची थी। इरफान ने कुबूला था कि उसने अपने नौकर कल्लू निवासी शंकरगढ़ के साथ मिलकर आयुष को मार डाला है। बाद में एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया था कि दोनों आरोपियों को पुलिस पकड़कर ले जा रही थी कि इन्होंने पुलिसकर्मियों के असलहे छीनकर जानलेवा हमला किया। पुलिस के बचाव में गोलियां चलाने पर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल में चिकित्सकों ने कल्लू को मृत घोषित कर दिया था, जबकि इरफान को प्रयागराज रेफर कर दिया गया था। शनिवार रात लगभग साढ़े नौ बजे बरगढ़ एसओ शिवआसरे, मऊ एसओ दुर्गविजय सिंह ने इरफान को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष यादव ने बताया कि रिमांड मजिस्ट्रेट अंशुमान यादव ने इरफान को न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

**आगजनी में लगभग 60 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट:** आयुष हत्याकांड के आरोपी इरफान की दुकान के सामान को जलाने के आरोप में लगभग 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गौरतलब है कि शनिवार को आक्रोशित लोगों ने आरोपी इरफान के दुकान के सामान को बाहर निकालकर आग लगा दी थी। पुलिस ने फायर बिग्रेड बुलाकर आग बुझवाई थी। एसओ शिवआसर ने बताया कि इस मामले में 50-60 अज्ञात लोगों पर दंगा, सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान चोट पहुंचाने, डराने, हमला करने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### आयुष की याद में निकाला कैंडल मार्च

बरगढ़ (चित्रकूट)। मासूम आयुष की याद में रविवार को कस्बावासियों ने शाम को कैंडल मार्च निकाला। ये लोग हाथ में जस्टिस फार आयुष, जागो जागो अब सोने का समय नहीं, जिहादियों को अपने घर गांव से बाहर करो परिवार को सेफ करो, आयुष का न्याय अधूरा है बुलडोजर से पूरा है, आयुष हम शर्मिंदा हैं तेरा कातिल जिंदा है, आदि लिखी तख्तियां लिए थे। कैंडल मार्च आयुष के घर से कस्बे के प्रमुख मार्गों से होता हुआ वापस घर पहुंचा। यहां शोकसभा कर आयुष को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोगों ने मामले को फास्ट ट्रैक में चलाकर दोषी को सजा देने और घरों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। प्रकाश चंद्र केशरवानी, अमरचंद अग्रवाल, रितेश केशरवानी, सुखेंद्र जायसवाल, पंकज मिश्रा, पिंटू द्विवेदी, विनीत केशरवानी, सत्यम केशरवानी, आशीष द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# महिला हेल्प डेस्क का हुआ उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता जालौन

- कोतवाली भवन के मुख्य गेट पर बनाया गया महिला हेल्प डेस्क डीएम-एसपी रहे मौजूद

**अमृत विचार।** कोतवाली परिसर में नवनिर्मित मिशन शक्ति केंद्र और महिला हेल्प डेस्क का डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया।

कोतवाली परिसर में पहले महिला हेल्प डेस्क एक केबिन में सचालित होता था। इसके स्थान पर कोतवाली भवन के मुख्य गेट के बायीं ओर नए महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र का निर्माण एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देश पर कोतवाल आनंद सिंह द्वारा कराया गया है। इस नवनिर्मित मिशन शक्ति केंद्र में फरियादियों के लिए बैठने और हवा के साथ रोशनी की व्यवस्था की गई है। साथ ही टॉयलेट और अन्य जरूरी उपकरण भी लगवाए गए हैं।

मिशन शक्ति केंद्र के लोकार्पण के लिए रविवार को डीएम राजेश पांडेय और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार कोतवाली परिसर में पहुंचे। इसके बाद डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मिशन शक्ति केंद्र व महिला हेल्प डेस्क का लोकर्पण किया। डीएम राजेश पांडेय ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में अपनी समस्याएं रखने का अवसर देगा। इस मौके पर एसडीएम हेमंत पटेल, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, अर्चना सिंह, उरई कोतवाल हरीकिशोर चंद, कोटरा प्रभारी विमलेश कुमार, रामपुरा प्रभारी रजत सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई संजय यति आदि मौजूद रहे।

## खेल के मैदान से

सद्गुरु अंतर्राज्यीय वालीबाल टूर्नामेंट का हुआ समापन

# देव वालीबाल अकादमी प्रयागराज बना विजेता

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट


अतिथियों के साथ वालीबाल टूर्नामेंट की विजयी टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सद्गुरु अंतर्राज्यीय वालीबाल टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में सिंह कल्ब नयागांव जैतवारा की टीम को 3-0 से हराकर देव वालीबाल अकादमी प्रयागराज की टीम ने खिताब जीता।

इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की कुल 28 टीमों ने भाग लिया। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चौबे, डिजीवेट केयर लिमिटेड, गुरुग्राम के प्रबंध निदेशक वेंकेटरमन, मारुति ट्रस्ट यूके के बच्चुभाई कोटेचा, डॉ. ईलेश जैन ने खिलाड़ियों की हौसलाफजाई की। डॉ. ईलेश जैन ने बताया कि यह आयोजन 29 वर्षों से अनवरत् आयोजित किया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है। इस दौरान उषा जैन, अनुभा अग्रवाल, आरबी सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला, डा. तुषारकांत शास्त्री, शंकर दयाल पांडेय, राकेश तिवारी, अंजली भटनागर आदि के साथ विद्यार्थी, सद्गुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कालपी-जालौन



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ कालपी सुन्दर कालपी पत्रांक:- मेमो दिनांक:- 24 जनवरी, 2026

26 जनवरी 2026 (गणतन्त्र दिवस) के पावन पर्व पर समस्त नगर वासियों एवं शुभचिन्तकों को नगर पालिका परिषद कालपी की ओर से हार्दिक बधाई
नगर में सफाई, रोशनी, वृक्षारोपण एवं चौमुखी विकास हेतु नगर के नागरिकों से निम्नलिखित अपेक्षा की जाती है कि :-

1. नगर को साफ-सुथरा रखने में नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें। 2. पालिका के चिन्हित स्थलों/कूड़ादानों में ही अपने घरों का कूड़ा-कचरा डालें। 3. अपने घर के आस-पास नालियों एवं रास्तों में गन्दगी न फैलायें एवं प्लास्टिक पालीथीन का प्रयोग बिल्कुल न करें। 4. वृक्षारोपण कर पर्यावरण प्रदूषण से नगर को बचायें। 5. रोड पटरी पर जानवरों को न बांघे, घरों के बाहर निर्माण सामग्री न रखें, आवागमन में सहयोग प्रदान करें। 6. नगर की स्ट्रीट लाइटों को क्षति न पहुंचायें अनावश्यक रूप से दिन में लाईट जलने पर पालिका को सूचित करें। 7. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें। 8. भवनकर, लाईसेन्स शुल्क, किराया दुकान एवं व्यापार एवं व्यवसाय शुल्क आदि की समय से अदायगी कर, नगर के विकास में सहयोग प्रदान करें। 9. नगर पालिका द्वारा नगर में कराये जा रहे विकास कार्यो में सहयोग प्रदान करें, यदि कोई समस्या हो तो पालिका को तत्काल सूचित करें। 10. मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु कूलरी आदि में पानी एवं जल भराव न रहने दें। 11. नगर पालिका की नजूल भूमि एवं नाला नालियों तथा रास्तों पर अतिक्रमण न करें।






(प्रर्वीण कुमार मौर्या) अवर अभियन्ता न0पा0परि0 कालपी जनपद-जालौन
(अजीत सिंह यादव) राजस्व निरीक्षक न0पा0परि0 कालपी जनपद-जालौन
(हरिभूषण सिंह चौहान) लेखाकार/प्रधान लिपिक न0पा0परि0 कालपी जनपद-जालौन
(अवनीश कुमार शुक्ल) अधिशासी अधिकारी न0पा0परि0 कालपी जनपद-जालौन
(अरविन्द यादव) अध्यक्ष न0पा0परि0 कालपी जनपद-जालौन

समस्त सम्मानित सदस्यगण नगर पालिका परिषद कालपी जनपद-जालौन

# भारतीय संविधान: पथ परिवर्तन... समाज की प्रगति की ओर एक कदम

**हम** भारत के लोगों ने 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान को पंजीकत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया। भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा एवं अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प लिया गया। भारतीय संविधान को 26 जनवरी 1950 को पूरे भारत में लागू कर दिया गया इसलिए 26 जनवरी को हम सभी भारतीय गणतंत्र दिवस हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। भारतीय संविधान जहां एक ओर हमें मूल अधिकारों को प्रदान करता है, उनका अतिक्रमण करने पर उपचार भी प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर हमारे ऊपर मूल कर्तव्यों को पालन करने का भी निर्देश देता है। हालांकि मूल कर्तव्यों का पालन न करने पर कोई दंडकारी उपबन्ध नहीं किए हैं।



**नुसरत जहां**
एजीए, हाईकोर्ट लखनऊ बेंच
LIM(LU)

## संविधान के भाग 4(क) में उल्लिखित मूल कर्तव्य

1. संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय गान का आदर करें।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन के लिए प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोय रखें और उनका पालन करें।
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें।
4. देश की रक्षा करें और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और सामान्य भ्रातत्व की भावना का निर्माण करें जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेद-भाव से परे हो। ऐसी प्रथाओं का त्याग करें जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हों।
6. हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझें और उसका परिरक्षण करें।
7. प्राकृतिक पर्यावरण को जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं रक्षा करें और उनका संवर्धन करें, प्राणी मात्र के प्रति दयाभाव रखें।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का सुधार करें।
9. सार्वजनिक सम्पति का सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे।
10. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करें जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए पर्यटन व उपलब्धि की नई ऊंचाइयों को छू ले।
11. माता-पिता या संरक्षक छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने यथास्थिति बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करें।

हालांकि इनका अतिक्रमण दंडनीय नहीं बनाया गया है बल्कि देश की संस्कृति की रक्षा, मानव की गरिमा, राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना, देशोत्थान के लिए निरंतर प्रयास हर नागरिक का मूल कर्तव्य है जिसका पालन कर देश हित में योगदान कर सकते हैं। इनका पालन कैसे कराया जाए। इस दिशा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन नामक संकल्प लेकर जन जागरण अभियान प्रारंभ किया है जिससे भारतीय संस्कृति के मूल्यों की रक्षा की जा सके और देशप्रेम की भावना का विकास किया जा सकें।

## ये पांच परिवर्तन

- पर्यावरण संरक्षण
- सामाजिक समरसता
- स्वनिर्भर व्यवस्था स्वदेशी
- कुटुम्ब प्रबोधन
- नागरिक कर्तव्य

**ये 5 ऐसे क्षेत्र हैं जिसके माध्यम से समाज में गुणात्मक बदलाव लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इन पांच परिवर्तनों को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।**

1. **पर्यावरण संरक्षण** : भारत का दृष्टिकोण सदैव प्रकृति मातरम बंदे का रहा है। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता पौधारोपण, जल संरक्षण और जैविक कृषि को बढ़ावा देना है। एक वृक्ष मातृभूमि के नाम इस कृतज्ञता का प्रतीक है।
2. **सामाजिक समरसता** : समाज के सभी वर्गों में एकता और समानता स्थापित करना, समाज में जाति आधरित भेदभाव मिलाकर एकता सदभाव और बराबरी स्थापित करना।
3. **स्व निर्भिक व्यवस्था** : स्वदेशी वस्तुओं और व्यवस्थाओं को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना जिसे स्व का बोध की कहते हैं। अपनी संस्कृति व मातृभाषा का सम्मान करना।
4. **कुटुम्ब प्रबोधन** : परिवारों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना। एकल परिवार का प्रचलन रोककर भारत की प्राचीन परम्परा को बढ़ावा देना। वसुधैव कुटुम्बकम( विश्व एक परिवार है के आदर्श को बढ़ावा देना) का और सामाजिक सांस्कृतिक परिवर्तन के माध्यम से भारत को सामर्थ्यवान बनाने का एक प्रयास है।
5. **नागरिक कर्तव्य** : नागरिक अनुशासन यानी अधिकारों से पहले कर्त्तव्यों को प्राथमिकता देना।

**कानून का पालन** : जैसे यातायात नियमों, संविधान और समाजिक कानूनों का सम्मान करना।

**स्वच्छता** : सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाना और स्वच्छता अभियान में भागीदारी।

**सजग नागरिक** : मतदान में भाग लेना और राष्ट्रहित में कार्य करना।

**अनुशासन** : समाजिक जीवन में अनुशासित व्यवहार करना।

**इन परिवर्तनों का लक्ष्य समाज में छोटे-छोटे स्तर पर बदलाव लाकर एक सशक्त और समरस भारत का निर्माण करना है। जब भारत का नागरिक और परिवार संस्कारित, आत्मनिर्भर, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और समरस होगा तभी भारत वास्तविक रुप से वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श के साथ विश्व में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा पाएगा। पंच परिवर्तन एक ऐसी रूपरेखा है जो व्यक्ति, सम्मान और राष्ट्र तीनों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन की मांग करती है। यह संविधान सम्मत सामायिक सांस्कृतिक उत्थान और राष्ट्र की प्रगति के लिए समय की मांग भी है।**

## वरिष्ठ पत्रकार मार्क टली का निधन



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार और प्रसिद्ध लेखक मार्क टली का रविवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। कई पुरस्कारों से सम्मानित मार्क टली कुछ समय से बीमार थे और पिछले एक सप्ताह से साकेत के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे।

टली को 21 जनवरी को साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अस्पताल में नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख की निगरानी में थे। उनका जन्म 24 अक्टूबर 1935 को कलकत्ता में हुआ था। टली 22 वर्षों तक 'बीबीसी' के नई दिल्ली ब्यूरो के प्रमुख रहे। प्रख्यात लेखक होने के साथ टली बीबीसी रेडियो-4 के कार्यक्रम 'समथिंग अंडरस्टूड' के प्रस्तोता भी थे।

## नीट छात्रा हत्याकांड में लापरवाही पर दो पुलिस अधिकारी निलंबित

**पटना।** राजधानी पटना के एक निजी हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में कदमकुआं थाना के अपर थानाध्यक्ष हेमंत झा और चित्रगुप्त नगर थाना की थानाध्यक्ष रोशनी कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

एसएसपी कार्यालय के अनुसार, निजी हॉस्टल में रह रही नीट छात्रा के दुष्कर्म और हत्या की जांच के दौरान कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही के दोषी पाए जाने पर दोनों को निलंबित किया गया है। जांच के दौरान दोनों ने न सूचनाएं एकत्र कीं न संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि एक निजी हॉस्टल में रहने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया। छात्र की हालत गंभीर होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# मतदाता होना सिर्फ विशेषाधिकार ही नहीं, महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर माय भारत के स्वयंसेवकों को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने का आग्रह करते हुए रविवार को कहा कि मतदाता होना केवल संवैधानिक विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसा महत्वपूर्ण कर्तव्य है जो प्रत्येक नागरिक को भारत के भविष्य को आकार देने में अपना मत रखने का अधिकार देता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ''माय-भारत'' के स्वयंसेवकों को लिखे एक पत्र में उन्होंने मतदाताओं को भारत की विकास यात्रा का भाग्य विधाता बताया।



प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र में मतदाता होना विशेषाधिकार के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मतदान एक संवैधानिक अधिकार है और भारत के भविष्य में उसके नागरिकों की भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा, मतदाता हमारी विकास यात्रा का भाग्य विधाता है। मतदान के अवसर पर उंगली पर लगने वाली अमिट स्याही बताती है कि हमारा लोकतंत्र बहुत जीवंत है और इसका उद्देश्य काफी बड़ा है। मोदी ने कहा, आपके मित्रों या रिश्तेदारों में कई ऐसे युवा हो सकते हैं जो पहली बार मतदाता बन रहे हैं। उनके जीवन के लिए यह अत्यंत महत्वूपर्ण क्षण है। पहली बार मतदाता बनने वालों का लोकतंत्र में इसलिए भरपूर स्वागत होना चाहिए क्योंकि उनके पास देश के भाग्य को बदलने की क्षमता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'माय-भारत' के स्वयंसेवक उस पीढ़ी से है, जो किसी भी कार्य को समय के भरोसे नहीं छोड़ती बल्कि ''कैन डू'' (कर सकती हूं) की भावना से उन्हें साकार करके दिखाती है।

उन्होंने कहा, आप मतदाता बनने के महत्व के बारे में जागरूकता फैला सकते हैं। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने के प्रयासों के लिए भारत निर्वाचन आयोग से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। धानमंत्री ने कहा, मतदाता होना केवल संवैधानिक विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है, जो प्रत्येक नागरिक को भारत के भविष्य को आकार देने में अपना मत रखने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा, आइए, हमेशा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेकर अपने लोकतंत्र की भावना का सम्मान करें और इस तरह विकसित भारत की नींव को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है और साथ ही यह लोकतंत्र की जननी भी है, जिसके लोकतांत्रिक मूल्यों का इतिहास सदियों पुराना है।

### दुनिया में शांति का संदेश फैला रहा भारत: मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न महाद्वीपों में बढ़ते भूराजनीतिक तनाव के बीच रविवार को कहा कि भारत विश्व में शांति का संदेश फैला रहा है, जो मानवता के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुर्मू ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर और महिला सशक्तीकरण समेत विभिन्न मुद्दों पर बात की और वंदे मातरम् तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर भी चर्चा की। मुर्मू ने कहा, हमारी परंपरा में, समस्त सृष्टि में शांति के बने रहने की प्रार्थना की जाती रही है। पूरे विश्व में शांतिपूर्ण व्यवस्था स्थापित होने से ही मानवता का भविष्य सुरक्षित रह सकता है।

## ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर लगाया विपक्ष को कुचलने का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को निर्वाचन आयोग की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने को 'दुखद तमाशा' करार देते हुए उस पर विपक्ष को कुचलने और भाजपा की ओर से देश के लोकतंत्र की नींव को नष्ट करने का आरोप लगाया।



- **राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने को दुखद तमाशा बताया**

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अपने आकाओं के इशारे पर काम कर रहा है और लोगों के मतदान अधिकारों को छीनने में लगा हुआ है। उन्होंने एक्स पर लिखा, भाजपा के अपने आकाओं की ओर से वे विपक्ष को कुचलने और भारत के लोकतंत्र की नींव को नष्ट करने में लगे हैं, फिर भी वे मतदाता दिवस मनाने की ढोंग कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है, और यह कितना दुखद तमाशा है! आयोग अपने आकाओं की आवाज बनकर लोगों के मतदान के अधिकार छीनने में व्यस्त है, और फिर भी मतदाता दिवस मनाने का ढोंग कर रहा है। मैं उनके इस आचरण से बेहद निराश और व्यथित हूं। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग तार्किक विसंगति के नाम पर नए-नए बहाने ढूंढ रहा है, ताकि लोगों को परेशान किया जा सके और उन्हें उनके चुनावी अधिकारों से वंचित किया जा सके।

## राजद षडयंत्रकारियों के हाथों में: रोहिणी

- **राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से ऐन पहले लालू की बेटी ने लगाए आरोप**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की रविवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से कुछ घंटे पहले पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया कि पार्टी का नियंत्रण घुसपैठियों और साजिशकर्ताओं के हाथों में चला गया है, जिनका एकमात्र उद्देश्य लालूवाद को नष्ट करना है।

रोहिणी आचार्य ने 'एक्स' पर किसी का नाम लिए बगैर कहा कि पार्टी में नेतृत्व के लिए जिम्मेदार लोगों को सवालों से बचने या भ्रम पैदा करने के बजाय आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। दावा किया, वर्तमान की कड़वी, चिंताजनक एवं दुःखद सच्चाई यही है कि आज जनता के हक-हकूक की लड़ाई लड़ने के लिए जानी जाने वाली, जन-जन की पार्टी की असली कमान फासीवादी विरोधियों के द्वारा भेजे गए वैसे घुसपैठियों - साजिशकर्ताओं के हाथों में है, जिन्हें लालूवाद को तहस-नहस करने के 'टास्क' के साथ भेजा गया है, कब्जा जमाए बैठे ऐसे लोग अपने गंदे मकसद में काफी हद तक सफल होते भी दिखते हैं। उन्होंने कहा, वे लालूवाद व पार्टी की हित की बात करने वालों के साथ दुर्व्यवहार, अभद्र आचरण, अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं। अगर व चुप्पी साधता है, तो उस पर साजिश करने वाले गिरोह के साथ मिलीभगत का दोष व आरोप स्वतः ही साबित होता है।

## प्रदूषण की भारी कीमत चुका रहे लोग: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि वायु प्रदूषण की वजह से लोगों को स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा खामियाजा बच्चे और बुजुर्ग भुगत रहे हैं।



लोकसभा में विपक्ष के नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लोगों से वायु प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया। राहुल ने लिखा, हम वायु प्रदूषण की बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं, अपने स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी और देश की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी। करोड़ों आम भारतीय हर दिन इसका बोझ झेल रहे हैं। उन्होंने कहा, बच्चे और बुजुर्ग इसकी वजह से सबसे ज्यादा पीड़ा सहते हैं। निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी कामगार, जैसे लोग इसकी सबसे बड़ी मार झेलते हैं। राहुल ने कहा कि इस समस्या को सर्दी खत्म होते ही भुला नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, बदलाव की पहली कड़ी है अपनी आवाज उठाना।

कांग्रेस नेता ने एक लिंक साझा किया और लोगों से इस पर यह बताने का आग्रह किया कि वायु प्रदूषण ने उन्हें या उनके प्रियजनों को कैसे प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, आपकी आवाज महत्वपूर्ण है और इसे बुलंद करना मेरी जिम्मेदारी है।



# भारत और यूरोपीय संघ की एफटीए पर वार्ता पूरी, कल की जाएगी घोषणा

## 18 साल के लंबे समय के बाद समझौता अंतिम पड़ाव पर, ईयू अध्यक्ष दिल्ली पहुंचीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) 27 जनवरी को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता पूरी होने और इसे अंतिम रूप देने की घोषणा करने के लिए तैयार हैं। इस समझौते का उद्देश्य अमेरिकी शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में जारी व्यवधानों के बीच दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। 18 साल के लंबे इंतजार के बाद यह समझौता अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता ''मदर ऑफ ऑल डील्स'' करार दिया है। एक अधिकारी के मुताबिक वार्ता के समापन की घोषणा यहां आयोजित होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान की जाएगी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 24 जनवरी को चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंच चुकी हैं। वह यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगी। हालांकि वार्ता पूरी होने की घोषणा इसी सप्ताह हो जाएगी, लेकिन मसौदे की कानूनी समीक्षा के बाद इसे आपसी सहमति वाली तारीख पर हस्ताक्षरित किया जाएगा।

इसके क्रियान्वयन में थोड़ा समय लग सकता है क्योंकि इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी, जबकि भारत में इसे केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल की अनुमति चाहिए। भारत इस समझौते के जरिए अपने कपड़ा, चमड़ा और हथकरघा जैसे क्षेत्रों के लिए शुन्य-शुल्क बाजार पहुंच की तलाश में है। दूसरी ओर, यूरोपीय संघ अपने ऑटोमोबाइल निर्यात, वाइन और हाई-टेक विनिर्माण क्षेत्रों के लिए भारतीय बाजार में अधिक पहुंच चाहता है। संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को फिलहाल इस समझौते से बाहर रखा गया है ताकि छोटे और सीमांत किसानों के हितों की रक्षा की जा सके।



### खत्म होगा 90% वस्तुओं पर आयात शुल्क

इस समझौते के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क को कम या समाप्त करेंगे। कपड़ा और फुटवियर जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों के उत्पादों पर शुल्क पहले ही दिन से समाप्त हो सकता है, जबकि कुछ अन्य वस्तुओं पर इसे पांच से दस वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। यह समझौता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क ने वैश्विक व्यापार प्रवाह को प्रभावित किया है। भारत वर्तमान में वहां 50 प्रतिशत तक के उच्च शुल्क का सामना कर रहा है। माना जा रहा है कि यह एफटीए भारतीय निर्यातकों को अपने बाजार विविधीकरण और चीन पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है यूरोपीय संघ

यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 136 .53 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत का निर्यात 75 .85 अरब डॉलर और आयात 60 .68 अरब डॉलर था। यूरोपीय संघ भारत में एक बड़ा निवेशक भी है, जिसका अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 117 .4 अरब डॉलर रहा है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता घरेलू उद्योगों के लिए खतरा बनने के बजाय लागत कम करने और व्यापार विस्तार में सहायक होगा। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के अनुसार, भारत और यूरोपीय संघ एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार हैं, क्योंकि दोनों मूल्य शृंखला के अलग-अलग स्तरों पर काम करते हैं। भारत श्रम-प्रधान और प्रसंस्करण आधारित वस्तुओं और यूरोपीय संघ पूंजीगत वस्तुओं, उन्नत प्रौद्योगिकी और औद्योगिक इनपुट की निर्यात करता है। इस पूरकता के कारण एफटीए से उत्पादन लागत कम होगी और दोनों पक्षों को लाभ होगा।

## भारत ने पश्चिम एशिया से फिर शुरू किया तेल आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने कच्चे तेल के आयात की रणनीति में बदलाव करते हुए कम जोखिम वाली आपूर्ति पर जोर दिया है। इसमें पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी बढ़ रही है, जबकि सीमित मात्रा में रूस से आपूर्ति भी बनी हुई है।

विश्लेषण फर्म केप्लर के आंकड़ों के अनुसार जनवरी के पहले तीन हफ्तों में रूसी कच्चे तेल का आयात गिरकर लगभग 11 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जो पिछले महीने औसतन 12.1 लाख बैरल प्रतिदिन और मध्य 2025 में 20 लाख बैरल प्रतिदिन से थोड़ा अधिक था। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 90 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। केप्लर के आंकड़ों के अनुसार इराक अब रूस के बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जबकि दिसंबर 2025 में यह औसतन 9,04,000 बैरल प्रतिदिन था। सऊदी अरब से आने वाली मात्रा भी इस महीने बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रतिदिन हो गई है, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रतिदिन और अप्रैल 2025 में 5,39,000 बैरल प्रतिदिन थी।

- **अमेरिकी दबाव में रूस से खरीद सीमित कर अपनी रणनीति में किया बदलाव**

रूस 2022 में इराक को पीछे छोड़कर भारत का शीर्ष आपूर्तिकर्ता बन गया था, जब भारतीय रिफाइनरी ने भारी छूट वाले रूसी तेल को खरीदने के लिए तेजी दिखाई थी। दरअसल यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण के बाद यूरोप और अन्य पश्चिमी देशों ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया था।

## बिहार के मुंगेर में नकली सिगरेट के कारोबार ने जोर पकड़ा

भागलपुर, एजेंसी

- **बढ़ती कीमत का असर, कई राज्यों में खपाई जा रही है नकली सिगरेट**
- **भारी बरामदगी के बाद बिहार पुलिस और डीआरआई ने तेज किए छापे**

बिहार का एक साधारण सा शहर मुंगेर, जिसने कभी एशिया में सिगरेट बनाने वाले अग्रणी स्थान के रूप में अपना नाम दर्ज कराया था, अब एक अलग ही पहचान से जूझ रहा है। सिगरेट की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच यह शहर अब नकली सिगरेट बनाने और बेचने के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

पिछले एक दशक में सिगरेट की कीमतों में हुई भारी वृद्धि के कारण अवैध कारोबार का मुनाफा बढ़ा है। इसके चलते मुंगेर में नकली सिगरेट बनाने और उनकी सप्लाई करने के मामलों में तेजी आई है। आईटीसी के अलावा नहीं, बल्कि बिहार पुलिस और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) जैसी एजेंसियों ने इस नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। यह नेटवर्क नकली सिगरेट बिहार समेत पड़ोसी राज्य झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में खपाता है। इस समस्या की गंभीरता पिछले महीने तब सामने आई, जब पुलिस ने फैक्टरी क्षेत्र के पास से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की चार लाख नकली सिगरेट और 85 लाख रुपये नकद जब्त किए।

### डेढ़ महीने में 3.7 करोड़ की नकली सिगरेट जब्त

आंकड़ों के अनुसार डीआरआई और बिहार पुलिस ने 2026 में अब तक 3 .7 करोड़ रुपये मूल्य की नकली सिगरेट जब्त की है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 7 .5 करोड़ रुपये था। एक छोटे कारोबारी रमेश चौरसिया के मुताबिक सिंडिकेट के एजेंट खुदरा विक्रेताओं से लोकप्रिय ब्रांडों के खाली पैकेट एक से 1.5 रुपये तक में खरीदते हैं। इन्हीं पैकेटों का उपयोग नकली सिगरेट भरने के लिए किया जाता है और फिर उन्हें बाजार में भेज दिया जाता है।

- केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि एक फरवरी से सिगरेट पर उत्पाद शुल्क उनकी लंबाई के आधार पर 2,050 रुपये से 8,500 रुपये प्रति 1,000 स्टिक के बीच होगा। यह 40 प्रतिशत की अधिकतम जीएसटी दर के अतिरिक्त होगा।

## एल्युमीनियम कैन पर बीआईएस मानदंडों की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण और पेय पदार्थ उद्योग में इस्तेमाल किए जाने वाले एल्युमीनियम कैन के लिए अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण मानदंडों (क्यूसीओ) को लागू करने की समयसीमा बढ़ा दी है। इससे कोला बनाने वाली कंपनियों से लेकर बीयर निर्माताओं तक सभी अल्कोहल और गैर अल्कोहल पेय निर्माताओं को बड़ी राहत मिली है।

पेय पदार्थ निर्माताओं ने कहा है कि समयसीमा बढ़ने से गर्मियों के दौरान बढ़ने वाली मांग को पूरा करने और आपूर्ति के अंतर को पाटने में मदद मिलेगी। कुकवेयर, बर्तन और खाद्य-पेय पदार्थ कैन (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2026' को अब बड़े उद्योगों के लिए अक्टूबर 2026 से, छोटी इकाइयों के लिए जनवरी 2027 से और सूक्ष्म उद्यमों के लिए अप्रैल 2027 से लागू किया जाएगा। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा 15 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार, इन वस्तुओं को संबंधित भारतीय मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

## ईसीएल ने किया कोयला उत्पादन बढ़ाने का आह्वान

**कोलकाता।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में अपने कर्मचारियों से कोयला उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया है। कंपनी ने दिसंबर तक कुल उत्पादन में आई कमी को देखते हुए लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच के अंतर को पाटने के लिए यह अपील की है। 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कर्मचारियों को दिए संदेश में ईसीएल के सीएमडी सतीश झा ने बताया कि दिसंबर 2025 तक संचयी कोयला उत्पादन 33.482 मिलियन टन रहा।

# भारत में बना पहला पायलट प्रशिक्षण विमान दिसंबर तक भरेगा उड़ान

नई दिल्ली, एजेंसी

- **निजी कंपनी शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज कर रही है डीए 40 विमानों का निर्माण**

किसी निजी कंपनी द्वारा निर्मित देश का पहला स्वदेशी पायलट प्रशिक्षण विमान डायमंड डीए 40 इस साल के अंत तक उड़ान भर सकता है। डीए 40 विमानों की निर्माण शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (एसएआईपीएल) कर रही है जो भारत के शक्ति समूह और ऑस्ट्रिया के डायमंड एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज का साझा उपक्रम है।

कंपनी ने मार्च 2025 में देश में इन विमानों की आपूर्ति शुरू की थी, लेकिन इनका भारत में निर्माण अभी नहीं हो रहा है। कंपनी ने बताया कि वह तमिलनाडु के त्रिपुर में डीए 40 विमानों के निर्माण के लिए एसेंबली लाइन बना रही है। उत्पादन के लिए सभी उपकरण यहां पहुंच चुके हैं। इसे इस साल के मध्य तक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से सीएआर 21 प्रमाणन मिलने की उम्मीद है। इसके बाद अंतिम असेंबली शुरू होगी। कंपनी ने बताया कि वह इस साल की अंतिम तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान इन विमानों की डिलीवरी शुरू करेगी। एसएआईपीएल ने परियोजना के पहले चरण में 450 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की योजना बनाई है।

भारतीय कंपनियों की जरूरतें पूरी करने के अलावा कंपनी की योजना भारतीय उपमहाद्वीप के दूसरे देशों में भी डीए 40 एनजी विमानों के निर्यात की है। कंपनी ने बताया है कि भविष्य में वह कलपुर्जों के निर्यात भी करेगी। डायमंड डीए 40 एनजी चार सीट वाला सिंगल इंजन विमान है। कंपनी का कहना है कि देश के बढ़ते विमानन क्षेत्र के साथ आने वाले समय में पायलट प्रशिक्षण के लिए विमानों की जरूरत भी बढ़ेगी। देश में इस समय 35 उड़ान प्रशिक्षण संगठन हैं।



> पाकिस्तान कीचड़ भरे पानी में मछली पकड़ने की कोशिश कर रहा था और दो बनाम एक (पाकिस्तान और बांग्लादेश बनाम भारत) का खेल खेलने की कोशिश कर रहा था।
>
> –हरभजन सिंह


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 26 जनवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### किलियन एमबापे ने रियल मैड्रिड को पहुंचाया शीर्ष पर

**बार्सिलोना।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने विलारियाल को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में बार्सिलोना को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। एमबापे ने 47वें मिनट में पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके यह सुनिश्चित किया कि रियाल मैड्रिड अंकतालिका में बार्सिलोना से दो अंक आगे निकल जाए। बार्सिलोना को पहला स्थान वापस पाने के लिए अपने अगले मैच में सबसे निचले पायदान पर काबिज रियाल ओविएडो को हराना होगा। इस जीत से रियाल 21 मैच में 51 अंक हो गए हैं जबकि बार्सिलोना के 20 मैच में 49 अंक हैं। एटलेटिको मैड्रिड और विलारियाल के 20 मैच में 41 अंक हैं तथा वह क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### चीन की चेन युफेई ने खिताब जीता

**जकार्ता।** चीन की चेन युफेई ने रविवार को यहां इस्टोरा सेनायन स्पोर्ट्स स्टेडियम में 2026 इंडोनेशिया मास्टर्स के फाइनल में थाईलैंड की पिचामोन ओपटनिपुट को हराकर महिला सिंगल्स की ट्रॉफी जीती। ओलंपिक चैंपियन ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 का खिताब सीधे गेम में 23-21, 21-13 से जीता, खासकर दूसरे गेम में उन्होंने संयम और तेज अटैकिंग खेल दिखाया। यह जीत इस महीने पिचामोन के साथ चेन की दूसरी भिड़ंत थी। जनवरी की शुरुआत में, चेन ने मलेशिया ओपन के पहले राउंड में थाई किशोरी को तीन गेम में हराया था।

### पामेला कोंटी को मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पामेला कोंटी को रविवार को भारतीय महिला अंडर-17 टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह इस साल भारत के एएफसी एशियाई कप अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की यह इस महीने में राष्ट्रीय टीम के लिए की गई दूसरी नियुक्ति है। इस महीने की शुरुआत में कोस्टा रिका की एमेलिया वाल्वर्डे को सीनियर महिला टीम का मेंटोर नियुक्त किया गया था। 2015 और 2023 में फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका टीम का नेतृत्व करने वाली एमेलिया एक से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी एशियाई कप तक टीम की देखरेख करेंगी।

### रणधीर की ओसीए अध्यक्षता होगी समाप्त

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज खेल प्रशासक रणधीर सिंह का एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) अध्यक्ष का कार्यकाल समय से पहले समाप्त होगा क्योंकि उनकी खराब सेहत के कारण सोमवार को ताशकंद में आमसभा के दौरान महाद्वीपीय संस्था के नए प्रमुख का चुनाव कराया जाएगा। सितंबर 2024 को 44वीं महासभा के दौरान रणधीर ओसीए के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्हें चार वर्षीय कार्यकाल (2024–2028) के लिए ओसीए अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पर 17 महीने के कार्यकाल के बाद ही उनकी जगह किसी अन्य को चुनना पड़ेगा।

# भारत को टी-20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त

## न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर लगातार 10वीं जीत दर्ज की, अभिषेक ने फिर खेली विस्फोटक पारी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

अभिषेक शर्मा (नाबाद 68) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 57) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में 60 गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। यह टी-20 में भारत की लगातार 10वीं जीत है।

154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मैच की पहली ही गेंद पर सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन ने अभिषेक शर्मा के साथ तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। चौथे ओवर में ईश सोढ़ी ने इशान किशन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इशान किशन ने 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 28 रनों की पारी खेली। भारत ने 10 ओवरों में दो विकेट पर 155 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस दौरान अभिषेक शर्मा ने भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा।

अभिषेक (14 गेंद) में अपना अर्धशतक पूरा कर हार्दिक पंड्या (16 गेंद) को पीछे किया। इस



न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद एक-दूसरे को बधाई देते अभिषेक शर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड अभी भी युवराज सिंह (12 गेंद) के नाम है। अभिषेक शर्मा ने 20 गेंदों में सात चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 68 रनों की तूफानी पारी खेली। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 57 रन बनाये। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। यह टी-20 में भारत की लगातार 10वीं जीत है। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी और ईश सोढ़ी ने एक-एक विकेट लिए।

इससे पहले आज यहां जसप्रीत बुमराह (तीन विकेट), रवि बिश्नोई और हार्दिक पंड्या (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को 153 के स्कोर पर रोक दिया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 34 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। डेवन कॉन्वे (एक) को हर्षित राणा ने आउट किया। रचिन रविंद्र (चार) को हार्दिक पंड्या ने तथा टिम साइफर्ट (12) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रवि बिश्नोई ने मार्क चैपमैन 23 गेंदों में 32 रन को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। डैरिल मिचेल (14) को हार्दिक पंड्या ने आउट किया। काइल जेमीसन (तीन) को बुमराह ने बोल्ड आउट किया। मैट हेनरी (एक) आठवें विकेट के रूप में रनआउट हुये। न्यूजीलैंड का 20वें ओवर में कप्तान मिचेल सैंटनर 17 गेंदों में 27 के रूप में गिरा।

### न्यूजीलैंड

**153/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| डेवोन कॉनवे का हार्दिक बो राणा | 01 |
| टिम सिफर्ट बो बुमराह | 12 |
| रचिन रविंद्र का बिश्नोई बो हार्दिक | 04 |
| फिलिप्स का किशन बो बिश्नोई | 48 |
| चैपमैन का सैमसन बो बिश्नोई | 32 |
| डेरिल मिचेल का किशन बो हार्दिक | 14 |
| सैंटनर का अभिषेक बो बुमराह | 27 |
| काइल जैमीसन बो बुमराह | 03 |
| मैट हेनरी रन आउट | 01 |
| ईश सोढी नाबाद | 02 |
| जैकब डफी नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी :** हर्षित राणा 4-0-35-1, हार्दिक पंड्या 3-0-23-2, रवि बिश्नोई 4-0-18-2, जसप्रीत बुमराह 4-0-17-3, कुलदीप यादव 3-0-32-0, शिवम दुबे 2-0-24-0

**14** गेंदों में अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक पूरा किया

12 गेंदों पर पचासे का रिकॉर्ड अभी भी युवराज सिंह के नाम है

### भारत

**155/2** (10 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो हेनरी | 00 |
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 68 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो सोढ़ी | 28 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 57 |

**गेंदबाजी :** मैट हेनरी 2-0-28-1, जैकब डफी 2-0-38-0, काइल जैमीसन 1-0-17-0, ईश सोढ़ी 2-0-28-1, मिचेल सैंटनर 2-0-28-0, ग्लेन फिलिप्स 1-0-16-0

## महिला प्रीमियर लीग

# संघर्षरत मुंबई पर आरसीबी का पलड़ा भारी

**वडोदरा।** लगातार पांच मैच में जीत हासिल करने के बाद पिछले मैच में हार झेलने के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। आरसीबी को शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा था। इससे उसका विजय अभियान थम गया जिससे इस बात का पता चलता है कि टूर्नामेंट के लीग चरण के आखिर में परिस्थितियां तेजी से बदल सकती हैं। इस हार के बावजूद आरसीबी की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। उसने अभी तक प्रत्येक विभाग में निरंतरता दिखाई है और वह पिछली पराजय को भूलकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

दूसरी ओर मुंबई इंडियंस को अगर प्लेऑफ में जगह बनानी है तो उसे जल्द से जल्द वापसी करनी पड़ेगी। मौजूदा चैंपियन टीम लगातार तीन मैच हार चुकी है, जिससे उसका अभियान रुक गया है और प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदें खतरे में पड़ गई हैं। लीग में शीर्ष पर चल रही टीम के खिलाफ जीत से न केवल उसका अभियान वापस पटरी पर लौटेगा बल्कि इससे उसका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

# बहिष्कार की अप्रत्यक्ष धमकी के बाद पाकिस्तान ने घोषित की टीम

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी का बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए टी20 विश्व कप के बहिष्कार की धमकी के एक दिन बाद रविवार को पाकिस्तान ने इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत आने से इनकार करने के बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया था। इसके बाद पीसीबी के प्रमुख नक़वी ने इस टी20 टूर्नामेंट से हटने का सुझाव दिया था।

भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में सलमान अली आगा पाकिस्तान टीम की कप्तानी करेंगे। बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाए जाने के बाद नक़वी ने कहा था कि पाकिस्तान सरकार इस बात पर अंतिम निर्णय लेगी कि उसकी राष्ट्रीय टीम टी20 विश्व कप में भाग लेगी या नहीं। पाकिस्तान के सभी ग्रुप मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

यहां गद्दाफी स्टेडियम में पीसीबी के हाई परफॉर्मेंस निदेशक और पुरुष राष्ट्रीय टीम चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद, आगा और सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच माइकल जेम्स हेसन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम की घोषणा की।

पूर्व तेज गेंदबाज आकिब ने पत्रकारों से कहा हम चयनकर्ता हैं और हमारा काम टीम का चयन करना है। हमने आईसीसी की समय सीमा के ठीक पहले टीम की घोषणा की है। सरकार हमारी भागीदारी पर फैसला करेगी। इसलिए मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता। अध्यक्ष (नकवी) ने भी यही कहा था, इसलिए हम उनके फैसले का इंतजार करेंगे।

### टी20 विश्व कप

**टीम :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान और उस्मान तारिक।

### अब भी निर्णय सरकार की सलाह पर निर्भर : नकवी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को यह स्पष्ट किया कि टीम की घोषणा का मतलब यह नहीं है कि देश ने अगले महीने होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला कर लिया है। नकवी ने दोहराया कि पीसीबी पाकिस्तान सरकार की स्थिति जानने का इंतजार कर रहा है ताकि टी20 विश्व कप में देश की भागीदारी पर निर्णय लिया जा सके। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बांग्लादेश को आगामी टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया और उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया। बांग्लादेश के बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपनी टीम को भारत भेजने से मना किया था जो मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल से हटाए जाने के बाद उत्पन्न स्थिति से जुड़ा था। नकवी ने कहा हम सरकार की सलाह का इंतजार कर रहे हैं और जो भी सरकार हमें करने के लिए कहेगी, हम करेंगे।

# बांग्लादेश का विश्व कप से बाहर होना दुखद : डब्ल्यूसीए

**लंदन।** विश्व क्रिकेट संघ (डब्ल्यूसीए) ने टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर होने पर चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि यह एक दुखद क्षण है जिस पर गहन चिंतन करने की जरूरत है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को पुष्टि की कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है। आईसीसी ने कहा कि यह मुश्किल फैसला इसलिए किया गया क्योंकि टूर्नामेंट से ठीक पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के उसकी टीम के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को पूरा करना संभव नहीं था।

डब्ल्यूसीए के सीईओ टॉम मोफैट ने बयान में कहा टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर होने और इस कारण टी20 के सर्वोच्च टूर्नामेंट से एक क्रिकेट प्रेमी देश की अनुपस्थिति हमारे खेल, बांग्लादेश के खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए एक दुखद क्षण है। यह एक ऐसा क्षण है जिस पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। आईपीएल से मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद बीसीबी ने अपनी टीम को भारत भेजने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

# झारखंड ने उत्तर प्रदेश को पारी और 301 रनों से रौंदा

## रणजी ट्रॉफी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार।** रणजी ट्रॉफी एलीट ए ग्रुप के लीग मुकाबले में झारखंड ने मेजबान उत्तर प्रदेश को हर मोंर्चे में पछाड़ते हुए पारी और 301 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। यह यूपी की रणजी इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी हार है। इससे पहले 1952-53 में होल्कर (अब मध्य प्रदेश) के खिलाफ इंदौर में यूपी को पारी और 328 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। घरेलू मैदान पर यह यूपी की अब तक की सबसे बड़ी हार रही। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने अंतिम दिन सात विकेट पर 69 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन पूरी टीम अपने स्कोर में सिर्फ 15 रन और जोड़ सकी और 84 रन पर सिमट गई। झारखंड की ओर से सौरभ शेखर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके। इससे पहले झारखंड ने पहली पारी में छह विकेट के नुकसान पर विशाल 541 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल की। टीम की ओर से शरणदीप सिंह ने शानदार 139 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि कुमार कुशाग्र ने 102 रन और कुनाल त्यागी ने नाबाद 110 रन का योगदान दिया।

गेंदबाजी में शिवम शर्मा ने दो विकेट लिए। उत्तर प्रदेश की पहली पारी 176 रन पर सिमट गई, जिसमें अभिषेक गोस्वामी के 85 रन ही उल्लेखनीय रहे। झारखंड के शुभम कुमार सिंह ने चार विकेट झटके, जबकि जतिन पांडेय को दो सफलताएं मिलीं। इस जीत के साथ झारखंड ने बोनस अंक सहित सात अंक अर्जित किए और 25 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, पूल चरण से बाहर हो चुकी उत्तर प्रदेश की टीम 17 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है। मैच की पहली पारी में शानदार शतक जड़ने वाले शरणदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उत्तर प्रदेश का अगला मुकाबला विदर्भ से 29 जनवरी से एक फरवरी तक नागपुर में खेला जाएगा। यूपी के लिए यह मैच औपचारिक होगा, जबकि विदर्भ की टीम जीत के साथ नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगी।



जीत का जश्न मनाते झारखंड के खिलाड़ी। अमृत विचार

### संक्षिप्त स्कोर

**झारखंड (पहली पारी) 541/6**


| | |
|---|---|
| शरणदीप सिंह | 139 |
| कुमार कुशाग्र | 102 |
| कुनाल त्यागी 2 विकेट | |

**उत्तर प्रदेश (पहली पारी) 176/10**

| | |
|---|---|
| अभिषेक गोस्वामी | 85 |
| शुभम कुमार सिंह 4 विकेट | |

**उत्तर प्रदेश (दूसरी पारी) 84/10**

| | |
|---|---|
| आर्यन जुयाल | 25 |
| सौरभ शेखर 5 विकेट | |



कनाडा की एमबोको को हराने के बाद जश्न मनाती हुई बेलारूस की एरिना सबालेंका।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन

### चौथे दौर में जोकोविच के प्रतिद्वंदी जैकब मेनसिक पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही टूर्नामेंट से हट गए

# जोकोविच को मिला वाकओवर, अल्काराज और सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न, एजेंसी**

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच कोर्ट पर उतरे बिना ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरिना सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अंतिम आठ में जगह बनाई। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को चौथे दौर में उनके प्रतिद्वंदी जैकब मेनसिक के पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही टूर्नामेंट से हट जाने कारण वाकओवर मिला।

आयोजकों ने रविवार देर रात मेनसिक के नाम वापस लेने की पुष्टि की। यह मैच सोमवार रात को रॉड लेवर एरिना में खेला जाना था। आयोजकों की तरफ से जारी बयान में मेनसिक ने कहा पिछले कुछ मैचों के बाद मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। समस्या मेरे पेट की बाई तरफ की मांसपेशियों में है। अगर मैं सोमवार को कोर्ट पर उतरता तो यह मेरे स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। शनिवार को 16वीं वरीयता प्राप्त मेनसिक ने एथन क्विन को सीधे सेटों में हराया था। जोकोविच तीसरे दौर में बोटिक वैन डे ज़ैंडशल्प को 6-3, 6-4, 7-6 (4) से हराकर ग्रैंड स्लैम एकल में 400 जीत हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने की कोशिश में लगे अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 7-6 (6), 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कनाडा की नंबर 17 विक्टोरिया एमबोको को 6-1, 7-6 (1) से हराया।

पिछले साल के उपविजेता ओर तीसरे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-2, 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका मुकाबला 20 वर्षीय लर्नर टिएन से होगा, जो 2015 में निक किर्गियोस के बाद ऑस्ट्रेलिया में पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं।



कार्लोस अल्काराज।

### अल्काराज को ट्रॉफी का इंतजार

अल्काराज अपने टेनिस करियर में अभी तक ऑस्ट्रेलियाई ओपन में ट्रॉफी नहीं जीती है। इस टूर्नामेंट में वह कभी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। अंतिम आठ में उनका मुकाबला स्थानीय खिलाड़ीऔर छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्होंने 10वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-4, 6-1, 6-1 से हराया।

### इवा जोविच से टकराएंगी सबालेंका

सबालेंका का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय इवा जोविच से होगा। इस 29वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 53 मिनट में 6-0, 6-1 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। खिताब की एक अन्य दावेदार कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरे वर्ष क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने 19वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में यूक्रेन की 12वी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने आठवीं वरीय मीरा एंड्रीवा को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। गॉफ और स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होगी। अल्काराज ने अपने खेल में कुछ बदलाव किये जो इस मैच में कारगर साबित हुए। उन्होंने कोई डबल-फॉल्ट नहीं किया, अपनी पहली सर्विस को 70 प्रतिशत सही जगह पर पहुंचाया और उनमें से 79 प्रतिशत अंक जीते। उन्होंने अपनी दूसरी सर्विस पर भी 68 प्रतिशत अंक जीते। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, ''''यह कड़ा मैच था और सीधे सेटों में जीत हासिल करके मैं बहुत खुश हूं। सच कहूं तो मेलबर्न पार्क में खेले गए अपने पहले चार मैचों में मैंने जो सर्विस की है, उससे मैं खुद काफी प्रभावित हूं। इससे पहले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले चार वर्षों में तीसरा खिताब जीतने की कवायद में लगी सबालेंका ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए कनाडा की 19 वर्षीय खिलाड़ी को केवल 31 मिनट में हरा दिया। सबालेंका दूसरे सेट में उतनी हावी नहीं रहीं और उन्होंने कुछ बेजा गलतियां की। इस सेट में एमबोको ने अच्छा खेल दिखाया।